● वर्ष : 17 ● अंक : 126 ● मूल्य : 02 रुपया मात्र ● पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

दैनिक
# लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 23 फरवरी 2026 लोकतंत्र का स्तंभ

# मन की बात में प्रधानमंत्री ने अंगदान करने वाली 10 माह की बच्ची आलिन को सराहा

## प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में एआई समिट का किया जिक्र
## प्रदर्शित पशु उपचार और प्राचीन ज्ञान संरक्षण की तकनीक से विश्व नेता प्रभावित

**एजेंसी। नई दिल्ली**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में केरल की 10 महीने की बच्ची आलिन शेरिन अब्राहम के अंगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इतने छोटे जीवन के बाद भी उसने अनेक लोगों को जीवन देने का मार्ग दिखाया है। आलिन के माता पिता अरुण अब्राहम और शेरिन ने अपनी बेटी के अंगदान का फैसला लेकर पूरे देश को प्रेरित किया है। आलिन अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसका नाम देश के सबसे कम उम्र के अंगदाताओं में शामिल हो गया है। अंगदान से अनेक लोगों को नया जीवन मिल रहा है और इससे चिकित्सा अनुसंधान को भी नई दिशा मिल रही है। प्रधानमंत्री ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 131वें प्रसारण में कहा कि देश अब गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलकर अपने महान व्यक्तित्वों को उचित सम्मान दे रहा है। उन्होंने कहा कि 23 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में राजाजी उत्सव मनाया जाएगा और इस अवसर पर स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले राष्ट्रपति भवन में ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा लगी थी, लेकिन अब उसकी जगह राजगोपालाचारी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। राजगोपालाचारी ने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और उनका जीवन आज भी देशवासियों को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह कदम देश की विरासत को सम्मान देने का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान और होली के त्योहारों का उल्लेख करते हुए देशवासियों से स्वदेशी अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब आप खुशी के ये त्योहार मनाएं तो स्थानीय वस्तुओं को अपनाने का मंत्र जरूर याद रखें। उन्होंने कहा कि आज हमारे त्योहारों में अनेक विदेशी वस्तुएं शामिल हो गई हैं, जिन्हें त्योहारों से दूर रखना चाहिए। स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन पर कहा कि इसमें विश्व के अनेक देशों के नेता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, नवाचार से जुड़े विशेषज्ञ और नव उद्यमी शामिल हुए। यह सम्मेलन दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भविष्य को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण आयोजन साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में भारत ने स्वदेश में विकसित 3 एआई मॉडल भी प्रस्तुत किए। यह अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन रहा और इसमें युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अनेक भारतीय मूल के खिलाड़ी दूसरे देशों की टीमों में खेलकर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। कनाडा, अमेरिका, ओमान, न्यूजीलैंड, इटली और संयुक्त अरब अमीरात की टीमों में अनेक खिलाड़ी भारतीय मूल के हैं और वे अपनी प्रतिभा से दुनिया में पहचान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली की लक्ष्मी देवी ने हृदय प्रत्यारोपण के बाद केदारनाथ की यात्रा की। पश्चिम बंगाल के गौरांग बनर्जी ने फेफड़ा प्रत्यारोपण के बाद ऊंचे पहाड़ी क्षेत्र की यात्रा की। राजस्थान के रामदेव सिंह ने गुर्दा प्रत्यारोपण के बाद खेल गतिविधियों में भाग लिया। ये उदाहरण दिखाते हैं कि अंगदान से लोगों को नया जीवन मिल सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजकल डिजिटल गिरफ्तारी और आर्थिक धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने बैंक खाते की जानकारी, गुप्त अंक और अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। बैंक से संबंधित कार्य केवल अधिकृत माध्यम से ही करना चाहिए और समय समय पर अपने गुप्त शब्द बदलते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के किसान अब आधुनिक तकनीक और नवाचार को अपना रहे हैं। उन्होंने ओडिशा के किसान हिरोद पटेल का उदाहरण दिया, जिन्होंने एक ही स्थान पर अनेक प्रकार की खेती और मछली पालन शुरू किया और अपनी आय बढ़ाई। उन्होंने कहा कि केरल में एक गांव में 570 प्रकार के धान उगाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश बन चुका है और 15 करोड़ टन से अधिक उत्पादन कर रहा है।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



### गिरगिट से ज्यादा तेज गति से रंग बदलते हैं ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सारी दुनिया में चर्चा हो रही है। पिछले एक वर्ष में जिस तरह से उन्होंने निर्णय लिए हैं उनके निर्णय के कारण जिस तरह की अनिश्चित अमेरिका के साथ-साथ सारी दुनिया के देशों में देखने को मिल रही है, उसके बाद लोग यह कहने लगे हैं, कि गिरगिट भी देर से रंग बदलता है लेकिन ट्रंप उससे जल्दी रंग बदल लेते हैं। हाल ही में अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विभिन्न देशों के ऊपर जो टैरिफ लगाए गए थे उसे निरस्त कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उसे अवैधानिक माना है। इसके तुरंत बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया फैसला लिया, जिसमें 10 फ़ीसदी टैरिफ को लगाने का फैसला किया था। अदालत के फैसले के कुछ ही घंटे के बाद उन्होंने शुक्रवार को 10 फ़ीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन शनिवार को उसे बढ़ाकर 15 फ़ीसदी कर दिया। 24 फरवरी से 24 जुलाई तक सभी देशों की अलग-अलग दरों के स्थान पर अगले 150 दिन अर्थात 15 जुलाई तक 15 फ़ीसदी टैरिफ़ वसूल किया जाएगा।

इसका असर भारत पर भी पड़ने जा रहा है। भारत के फार्मा ओर पेट्रो पर तीन फ़ीसदी टेरिफ़ लगेगा लेकिन बाकी सभी चीजों पर अब 15 फ़ीसदी टैरिफ अमेरिका में जो भी माल भेजा जाएगा उस पर लगेगा। भारत के संबंध में बात की जाए तो पहले उन्होंने 50 फ़ीसदी टैरिफ लगाया, 2 फरवरी को अंतरिम ट्रेड डील पर सहमति जताते हुए टैरिफ को 18 फ़ीसदी किया था। उसके बाद 10 फीसदी टैरिफ लगाया गया। अब उसे बढ़ाकर 15 फ़ीसदी कर दिया गया है। दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद जिस तरह की अनिश्चितता अमेरिका को लेकर सारी दुनिया में देखने को मिल रही है उसमें भले अभी ट्रंप को कुछ फायदा हो रहा हो लेकिन जिस तरह से अमेरिका की साख को बट्टा लग रहा है उसके बाद सारी दुनिया में यह धारणा बनने लगी है अमेरिका को जिस दिशा में डोनाल्ड ट्रंप ले जाना चाहते हैं। उसके कारण अमेरिका कुछ ही महीना में बहुत बड़ी मुसीबत में फंस सकता है।

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जो निर्णय लिए जा रहे हैं इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव अमेरिका के ऊपर ही पड़ रहा है। अमेरिका में लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है। अमेरिका की ट्रेजरी से विभिन्न देशों ने अपना सोना और बांड के रूप में जमा राशि को निकालना शुरू कर दिया है। अमेरिका की जो विश्व में साख पिछले कई दशकों में बनी हुई थी वह तार-तार हो गई है। कारोबारी और विभिन्न देशों की सरकारों को अमेरिका के ऊपर भरोसा नहीं रहा, जिसके कारण अमेरिका अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं मानकर उन्होंने वैकल्पिक तरीके से सारी दुनिया के देशों से जो 15 फ़ीसदी टैक्स एक जजिया-कर की तरह वसूल करने की कोशिश की है, वह अपने निर्णय के माध्यम से दबाव बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों में अपने परिवार और पारिवारिक कंपनियों को जो लाभ पहुंचाना चाहते हैं उसकी यह रणनीति चर्चा का विषय बन गई है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM


## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु से लश्कर के 8 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** देश में पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की बड़ी साजिश को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नाकाम कर दिया है। करीब 9 दिन गुपचुप तरीके से चले ऑपरेशन के बाद स्पेशल सेल ने लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े बड़े मॉड्यूल का खुलासा करने का दावा किया है। टीम ने कोलकाता और तमिलनाडु में छापेमारी कर 7 बांग्लादेशी समेत कुल 8 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया। तमिलनाडु में गिरफ्तार संदिग्ध आतंकियों को लेकर पुलिस टीम दिल्ली के लिए रवाना हो गई है जिसके सोमवार को पहुंचने की उम्मीद है। दावा किया गया है कि बांग्लादेश में बैठे लश्कर-ए-तैयबा के हैंडलर शब्बीर अहमद लोन के निर्देश पर यह मॉड्यूल भारत में बड़े आतंकी हमले की योजना बना रहा था। इसके लिए कई राज्यों में भीड़भाड़ वाले स्थानों की रेकी की गई थी। आरोपितों के पास से बरामद मोबाइल फोन में इसके वीडियो मिले हैं। समय रहते मॉड्यूल के खुलासे से बड़ा आतंकी हमला टल गया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी उमर फारूक, बांग्लादेशी नागरिक रबि-उल-इस्लाम, मो. लिटन, मो. मिजानुर रहमान, मो. उज्जाल, मो. जहीदुल इस्लाम, उमर और सैफायत होसेन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 12 मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए हैं। इनसे पूछताछ कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### दूध के हर तीन में से एक नमूना जांच में फेल, फूड सेफ्टी पर उठे सवाल



**नई दिल्ली।** देश में दूध उत्पादन जहां रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, वहीं मिलावट के बढ़ते मामलों ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। हालिया जांच रिपोर्टों के अनुसार, देशभर में जांचे गए दूध के हर तीन नमूनों में से एक गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरा। विशेषज्ञ इसे फूड सेफ्टी के लिए गंभीर संकेत मान रहे हैं। वहीं सियासी गलियारे में चर्चा आम हो गई है कि ऐसा बताकर सरकार दूध आयात करने का रास्ता बनाने में लगी है, जिसका विरोध अनेक संगठन पहले से करते चले आ रहे हैं। भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में जांचे गए 38 प्रतिशत दूध के नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि वित्त वर्ष 2015 से 2018 के बीच मिलावटी नमूनों में 16.64 प्रतिशत अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं वित्त वर्ष 2022 में जांचे गए 798 नमूनों में से लगभग आधे मिलावटी पाए गए, जो पिछले वर्षों की तुलना में उच्चतम स्तरों में से एक है। हाल ही में 'ट्रस्टिफाइड' नामक एक स्वतंत्र टेस्टिंग प्लेटफॉर्म की रिपोर्ट में दावा किया गया कि कुछ प्रतिष्ठित ब्रांड के पैकेज्ड दूध में कोलिफॉर्म बैक्टीरिया निर्धारित सीमा से 98 गुना तक अधिक पाया गया। इस खुलासे के बाद पैकेज्ड फूड और डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर सवाल और गहरे हो गए हैं।

# चुनाव आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन 24 फरवरी को दिल्ली में

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) 24 फरवरी को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में ईसीआई और राज्य निर्वाचन आयुक्तों (एसईसी) का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। चुनाव आयोग के अनुसार यह गोलमेज सम्मेलन 27 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है। पिछली बैठक वर्ष 1999 में आयोजित की गई थी। यह बैठक देश में चुनावी प्रक्रिया को और पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में आयोजित की जा रही है। सम्मेलन में निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे। सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) भी सम्मेलन में शामिल होंगे। इस सम्मेलन का प्राथमिक लक्ष्य 'सहकारी संघवाद' की भावना को मजबूत करते हुए केंद्रीय और राज्य चुनाव निकायों के बीच बेहतर तालमेल बिठाना है। दिनभर चलने वाले सम्मेलन के दौरान चुनावी प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के अलावा प्रौद्योगिकी, ईवीएम और मतदाता सूची साझा करने पर चर्चा होगी। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की मजबूती, पारदर्शिता और सुरक्षा उपायों पर विस्तृत चर्चा की जायेगी।

# जॉइंट थिएटर कमान से संचालित होंगी तीनों सेनाएं, तीन माह में नया सैन्य ढांचा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

## ऑपरेशन सिंदूर में दिखा था 88 घंटे का पूर्ण समन्वय



देश की सैन्य संरचना में आजादी के बाद का सबसे बड़ा बदलाव अब अंतिम चरण में है। थलसेना, वायुसेना और नौसेना को एकीकृत करते हुए संयुक्त थिएटर कमान (जेटीसी) के तहत संचालन का खाका तैयार कर लिया गया है। पिछले पांच वर्षों से इस पर मंथन चल रहा था और सूत्रों के अनुसार नया ढांचा अगले तीन महीनों में औपचारिक रूप से सामने आ जाएगा। नए मॉडल के लागू होने के बाद भारत के पास किसी भी सैन्य संघर्ष से निपटने के लिए अधिक इंटीग्रेटेड, तेज और समन्वित कमांड संरचना होगी। रक्षा सूत्रों का दावा है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में 60 से 70 प्रतिशत तक तेजी आएगी, जबकि संसाधनों के बेहतर उपयोग से 15 से 20 प्रतिशत तक बचत संभव होगी। इससे चीन और पाकिस्तान—दोनों मोर्चों पर रणनीतिक तैयारी और मजबूत होगी। दुनिया के कई प्रमुख देशों में पहले से ही संयुक्त थिएटर कमान व्यवस्था लागू है। अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन की सेनाएं थिएटर कमान के तहत संचालित होती हैं। चीन में पांच और अमेरिका में 11 थिएटर कमान सक्रिय हैं।


**पांच टकरावों के अनुभव से बना नया ढांचा :** पिछले एक दशक में पाकिस्तान और चीन के साथ हुए पांच बड़े सैन्य टकरावों के अनुभवों ने इस ढांचे को आकार दिया है। इनमें 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक, 2017 का डोकलाम विवाद, 2020 का गलवान संघर्ष और 2025 में 88 घंटे चला 'ऑपरेशन सिंदूर' शामिल हैं। इन घटनाओं के दौरान समन्वय, संचार और संसाधन प्रबंधन से जुड़े कई व्यावहारिक सबक सामने आए। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, अलग-अलग सेनाओं की स्वतंत्र कार्रवाई के दौरान कम्युनिकेशन गैप और संसाधनों के ओवरलैप जैसी चुनौतियां महसूस की गईं। 'ऑपरेशन सिंदूर' में पहली बार 88 घंटों के भीतर तीनों सेनाओं का पूर्ण एकीकरण देखने को मिला, जहां मिसाइल स्ट्राइक, ड्रोन स्वार्म, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और जमीनी कार्रवाई में प्रभावी तालमेल रहा।

# भारत-ब्राजील के बीच डाक क्षेत्र में समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और ब्राजील ने डाक क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। संचार मंत्रालय ने इसे दोनों देशों के बीच डाक सेवाओं, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी सेवा वितरण में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और ब्राजील के संचार मंत्री फ्रेडरिको डी सिकेरा फिल्हो ने ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। समझौता ज्ञापन में सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान, डिजिटल परिवर्तन, सार्वभौमिक सेवा, क्षमता निर्माण, संयुक्त परियोजनाएं, वैश्विक समन्वय और दक्षिण-दक्षिण सहयोग करने का प्रावधान शामिल है। यह समझौता प्रारंभ में पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगा। इसमें स्वतः नवीनीकरण का प्रावधान होगा और इसे दोनों देशों के कानूनों तथा विनियमों के अनुसार कार्यान्वित किया जाएगा। यह रणनीतिक साझेदारी न केवल भारत और ब्राजील के डाक नेटवर्क को आधुनिक बनाएगी, बल्कि वैश्विक दक्षिण के दो प्रमुख देशों के रूप में उनके बीच आर्थिक और सामाजिक संबंधों को भी प्रगाढ़ करेगी।

# 6 राज्यों में पूरा हुआ एसआईआर का काम, गुजरात में सबसे अधिक 68 लाख नाम काटे गए

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत निर्वाचन आयोग ने देश के छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। शनिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूचियों में अभूतपूर्व बदलाव दर्ज किए गए हैं, जिसके तहत लाखों की संख्या में अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। आयोग की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया की शुचिता सुनिश्चित करना और फर्जी या दोहरे मतदान की संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त करना है। इस विशेष अभियान के बाद जारी आंकड़े बताते हैं कि मतदाता सूचियों से अपात्र नामों को हटाने के बाद कई राज्यों की कुल मतदाता संख्या में बड़ी कमी आई है। पुनरीक्षण के इन आंकड़ों में सबसे चौंकाने वाली गिरावट गुजरात में देखी गई है, जहां निर्वाचन आयोग ने कुल 68,12,711 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए हैं। इस प्रक्रिया से पहले गुजरात में कुल मतदाताओं की संख्या 5,08,43,436 थी, जो अब घटकर 4,40,30,725 रह गई है।

# पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में कई मासूमों की गई जान, अफगानिस्तान बोला- बदला लेंगे

**एजेंसी। काबुल**



अफगानिस्तान ने सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक की पुष्टि करते हुए कहा है कि इस हमले में दर्जनों नागरिकों मारे गए हैं। तालिबान के प्रवक्ता जुबिउल्लाह मुजाहित ने कहा है कि बीती रात नांगरहार और पाकटिका प्रांतों में पाकिस्तान ने अचानक हवाई हमला कर दिया। इसमें दर्जनों लोगों की जान चली गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने नांगरहार में एक रिहाइशी इमारत पर हमला किया जिसमें एक परिवार के करीब 23 लोग रहते थे। मलबे में परिवार दब गया है। अब तक इसमें से केवल चार लोगों को ही निकाला जा सका है। तालिबान ने बताया है कि पाकिस्तान ने बेरमाल और आरगुन जिलों में हवाई हमले किए हैं। इस्लामाबाद की तरफ से कहा गया था कि पाकिस्तान में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए सीमावर्ती इलाकों में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक जबीउल्लाह मुजाबित ने कहा कि पाकिस्तान ने नापाक हरकत करके मासूमों की जान ली है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के जनरल इसी तरह की हरकतें करके अपनी छवि सुधारने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र में दखल दिया है। ऐसे में अफगानिस्तान के पास भी जवाब देने का अधिकार है। सही समय आने पर हमला किया जाएगा। पाकिस्तान का कहना है कि खैबर-पख्तूनख्वा के बन्नू इलाके में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सेना के एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक सैनिक की मौत हो गई थी और उसी का बदला लेने के लिए यह एयर स्ट्राइक की गई है। इसके बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान के पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि इस्लामाबाद की शिया मस्जिद पर हमला और शनिवार को बन्नू में हुई घटना समेत आतंकवाद की ये घटनाएं कथित तौर पर ख्वारिज ने अफगानिस्तान स्थित अपने आकाओं और संचालकों के इशारे पर की थीं।

# बांग्लादेश ने भारतीयों के लिए टूरिस्ट वीजा सेवा बहाल की, आज से सभी डिप्लोमैटिक मिशन में फिर शुरू होगी प्रक्रिया

**एजेंसी। ढाका**



बांग्लादेश ने भारत के साथ रिश्तों में सुधार की दिशा में अहम कदम उठाते हुए भारतीय नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा सेवा फिर से शुरू करने की घोषणा की है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि भारत में स्थित बांग्लादेशी डिप्लोमैटिक मिशन सोमवार से पर्यटक वीजा जारी करना फिर से शुरू कर देंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा कारणों के चलते बांग्लादेश सरकार ने पहले टूरिस्ट वीजा सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी थीं। हालांकि हालिया चुनावों के बाद हालात सामान्य होने पर अब इस सेवा को पूर्ण रूप से बहाल किया जा रहा है। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि टूरिस्ट वीजा औपचारिक रूप से पूरी तरह बंद नहीं किए गए थे, बल्कि केवल सीमित और अर्जेंट मामलों में जारी किए जा रहे थे।

**इन शहरों में फिर शुरू होगी सेवा :** भारत में स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन नई दिल्ली के अलावा गुवाहाटी, अगरतला, मुंबई और कोलकाता में मौजूद मिशनों में भी सोमवार से टूरिस्ट वीजा की प्रक्रिया सामान्य रूप से शुरू हो जाएगी। अधिकारी के अनुसार, अन्य श्रेणियों के वीजा पहले से जारी किए जा रहे थे, लेकिन पर्यटक वीजा बड़े पैमाने पर अब फिर से बहाल किए जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि स्थिति की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है और अब सभी प्रकार की वीजा सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी।

बताया गया कि 12 फरवरी को बांग्लादेश में हुए चुनावों के मद्देनजर 15 जनवरी से 15 फरवरी तक टूरिस्ट वीजा सेवाएं निलंबित करने का निर्देश दिया गया था। उस अवधि में अर्जेंट मामलों में ही वीजा जारी किए जा रहे थे। सुरक्षा कारणों से भूटान और नेपाल के लिए भी सेवाएं अस्थायी रूप से रोकी गई थीं।

**रिश्तों में सुधार का संकेत :** विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत और बांग्लादेश के बीच सामान्य कूटनीतिक और जन-से-जन संपर्क को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक संकेत है। पर्यटन, व्यापार और पारिवारिक यात्राओं पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

### पुलिस वाहन को ट्रेलर ने मारी जोरदार टक्कर, 5 पुलिसकर्मियों की मौत, 3 गंभीर

**झारसुगुड़ा।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रविवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पुलिस की बोलेरो गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे पांच पुलिस कर्मियों की मौत हो गई। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। इस भीषण घटना में पुलिस वाहन के परखच्चे उड़ गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस टीम ड्यूटी पर थी, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे उसमें सवार पांच पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में अपनी जान गंवाने वाले जवानों की पहचान कर ली गई है। इस दुर्घटना में ड्रिल सब-इंस्पेक्टर निरंजन कुजूर, एपीआर कर्मी काशीराम भोई, एपीआर कर्मी देबदत्त सा, एपीआर हवलदार लिंगराज धुरुआ और होमगार्ड भक्तबंधु मिर्धा की जान गई है। जानकारी के मुताबिक दुर्घटना में घायल तीन अन्य कर्मियों में आर्म्ड पुलिस रिजर्व के दो सदस्य और एक सार्जेंट शामिल हैं। स्थानीय पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर उन्हें बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक तीनों की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें विशेषज्ञों की कड़ी निगरानी में रखा गया है।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

खास खबर

## आजादपुर में शादी से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी जिले के मॉडल टाउन थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक 18 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब 2:28 बजे आजादपुर इलाके में हुई। युवक शादी समारोह से घर लौट रहा था। पुलिस के मुताबिक, सूचना मिली थी कि एक युवक घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे तत्काल बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान जहांगीरपुरी निवासी इशु उर्फ ईशांत (18) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाइक सवार हमलावरों ने युवक पर कई राउंड फायरिंग की। घटनास्थल से पुलिस को खाली कारतूस भी मिले हैं। सूचना मिलते ही क्राइम टीम और एफएसएल ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आपसी रंजिश समेत अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## मजलिस पार्क में इमारत की भूतल पार्किंग में लगी आग, सिलिंडर फटने से 14 झुलसे

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी जिले के मजलिस पार्क इलाके में रविवार सुबह एक इमारत की स्टिल्ट पार्किंग में आग लग गई। आग बुझाने और लोगों को सुरक्षित निकालने के दौरान रसोई गैस सिलिंडर में हुए धमाके से दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग के छह कर्मियों समेत 14 लोग झुलस गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से गंभीर रूप से झुलसे लोगों को सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भीष्म सिंह ने रविवार को बताया कि सुबह करीब 9 बजे गली नंबर-6 स्थित एक इमारत की भूतल पार्किंग में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर दमकल की छह गाड़ियां और पुलिस पहुंची। पड़ोसियों की मदद से इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकाला जा रहा था, तभी पार्किंग में रखे सिलिंडरों में से एक में जोरदार विस्फोट हो गया। धमाके के बाद आग तेजी से फैलकर दो मंजिलों तक पहुंच गई। घायलों में आदर्श नगर थाने के एएसआई संदीप, सिपाही राहुल, पीसीआर के एएसआई प्रेमपाल तथा तीन दमकल कर्मी वेद प्रकाश, सुरेश पहल, सीताराम समेत अन्य शामिल हैं। वहीं अन्य छह घायलों को बाबू जगजीवन राम अस्पताल तथा दो लोगों को मैक्स अस्पताल ले जाया गया। बाद में गंभीर रुप से घायल लोगों को सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। दमकल अधिकारियों के अनुसार, सुबह करीब 10:50 बजे आग पर काबू पा लिया गया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। परिजनों का कहना है कि पार्किंग में लगे पानी के मोटर से चिंगारी निकली, जिससे वहां रखे प्लास्टिक के सामान में आग लग गई और पास में रखे सिलिंडर ने आग पकड़ ली। पुलिस और दमकल विभाग आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच कर रहे हैं।

## मृगीकुंड स्नान विवादः इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : जूनागढ़।** गुजरात के जूनागढ़ में मृगी कुंड में स्नान को लेकर विवाद में फंसी गुजरात की विवादित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है। कीर्ति पटेल के खिलाफ जूनागढ़ में तीन अलग-अलग मामले दर्ज हैं, जिनमें धमकी, आत्महत्या के लिए उकसाने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।पुलिस सूत्रों के अनुसार, कीर्ति पटेल की गिरफ्तारी के संबंध में विस्तृत जानकारी बाद में दी जाएगी।कीर्ति पटेल सोशल मीडिया पर लगातार विवादों में घिरी रहती हैं। आरोप है कि इस बार जूनागढ़ में आयोजित शिवरात्रि मेले में संतों के स्नान के दौरान उसने परंपरा तोड़ते हुए मृगीकुंड में स्नान किया। इस घटना को लेकर विवाद खड़ा हो गया था।जूनागढ़ के एक यूट्यूबर अबजल सीडा ने इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर लाइव किया था। बताया जाता है कि इस लाइव के बाद कीर्ति पटेल के फॉलोअर्स कम होने लगे, जिससे नाराज होकर कीर्ति और उसके साथियों ने अबजल को निशाना बनाया। आरोप है कि उससे 20 लाख रुपये की मांग की और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। इससे डरकर उसने आत्महत्या की कोशिश की। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित अबजल सीडा ने बताया कि उसे जशपाल सिंह नाम के व्यक्ति का फोन आया था, जिसने उसे घर पर ही रहने को कहा और वीडियो बनाने पर सवाल उठाया। अबजल के अनुसार जशपालसिंह उसके साथी अनु, विक्रम, कीर्ति पटेल और दिव्या सावलानी ने वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाया और उसे डराया-धमकाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जूनागढ़ के उद्योगनगर पुलिस स्टेशन में कीर्ति पटेल सहित उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



## सूरत में आचार्य यशोवर्मसूरिश्वरजी के पदप्रदान समारोह में शामिल हुए भूपेंद्र पटेल



**लोकतंत्र की शान : सूरत।** सूरत के वेसू इलाके स्थित बलर फार्म में आचार्य विजय यशोवर्मसूरिश्वरजी महाराज के गच्छाधिपति पदप्रदान का समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भाग लेकर आचार्यश्री का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल भी उपस्थित रहे। समारोह में जनप्रतिनिधियों ने नए गच्छाधिपति को तिलक कर शुभकामनाएं दीं। पूर्व गच्छाधिपति अभयदेवसूरिश्वर महाराज ने विधि-विधान से उन्हें पद सौंपा। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में आने से मन को शांति और सच्चा सुख मिलता है। उन्होंने आचार्यश्री के 63 साल के दीक्षा जीवन की सराहना की और कहा कि उन्होंने समाज के लिए बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने बताया कि आचार्यश्री ने बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए कई शिविर आयोजित किए और लोगों को अच्छे संस्कार दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि असली सुख साधारण और संयमित जीवन में होता है, इसलिए सभी को धर्म से जुड़े रहना चाहिए। वही उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि जैनाचार्यों के मार्गदर्शन से समाज में अच्छा बदलाव आया है। उन्होंने आचार्य के काम की सराहना की। इस मौके पर आचार्य के जीवन पर आधारित पुस्तक 'श्रद्धेय गुरुदेवश्री' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में कई नेता, अधिकारी, जैन संत और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एआई से होगी भारत की अगली कृषि क्रांतिः जितेन्द्र सिंह

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत की अगली कृषि क्रांति कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित होगी। एआई कृषि नीति, अनुसंधान और निवेश का प्रमुख आधार बन रहा है। जितेन्द्र सिंह ने मुंबई में आयोजित एआई4एग्री शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन में कृषि क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की जा रही है। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि एआई पहली बार कृषि क्षेत्र की पुरानी समस्याओं का बड़े स्तर पर समाधान दे रहा है। इसमें मौसम की अनिश्चितता, सूचना की कमी और बिखरे बाजार जैसी चुनौतियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एआई उत्पादकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि एआई के उपयोग से किसानों को हर वर्ष लगभग 70 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ मिल सकता है। यदि प्रत्येक किसान को बेहतर सलाह से 5 हजार रुपये की बचत होती है तो यह बड़ी आर्थिक उपलब्धि होगी। उन्होंने बताया कि देश में 14 करोड़ कृषि जोत हैं। इनमें अधिकांश छोटे और सीमांत किसान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार 10372 करोड़ रुपये के इंडिया एआई मिशन के माध्यम से डिजिटल क्षमता, डाटा और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर रही है। भारतजेन पहल के तहत एग्री परम नामक कृषि मॉडल विकसित किया गया है। यह 22 भारतीय भाषाओं में किसानों को सलाह देता है। मंत्री ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग एआई ओपन स्टैक विकसित कर रहा है। इससे देश में विकसित कृषि एआई समाधान एकीकृत ढांचे से जुड़ सकेंगे। राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान आईआईटी, आईआईएससी और आईसीएआर के साथ मिलकर कृषि एआई पर अनुसंधान को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रोन और उपग्रह तकनीक से मृदा स्वास्थ्य कार्ड और स्वामित्व योजना को मजबूत किया जा रहा है। इससे भूमि और मिट्टी का सटीक डाटा मिल रहा है। इसके साथ एआई आधारित पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की जा रही है। इससे किसान समय पर निर्णय ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में भारत विस्तार पहल का प्रस्ताव किया गया है। यह बहुभाषी एआई उपकरण होगा। इससे किसानों को उनकी फसल, मिट्टी और क्षेत्र के अनुसार सलाह मिलेगी। इसका उद्देश्य जोखिम कम करना और उत्पादकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय कृषि एआई अनुसंधान नेटवर्क स्थापित करेगी। इसमें केंद्र, राज्य, अनुसंधान संस्थान और अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल होंगे। इसका उद्देश्य कृषि, मिट्टी और जलवायु से जुड़े डाटा का राष्ट्रीय ढांचा तैयार करना है।

## लेट्स इंस्पायर बिहार के बैनर तले दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में बिहार के दिग्गजों का महाजुटानः केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

### उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और उधोग मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल भी पहुंचे



लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली :** लेट्स इंस्पायर बिहार (एलआईबी) अभियान ने प्रतिष्ठित तालकटोरा स्टेडियम में बिहार डेवलपमेंट समिट 2026 का आयोजन किया, जो विकसित भारत @ 2047 के अंतर्गत विकसित बिहार के निर्माण के दृष्टिकोण को समर्पित एक ऐतिहासिक, भव्य रूप से सफल एवं राष्ट्रीय स्तर पर गूंजने वाला संगम सिद्ध हुआ। पूर्व दिवस तक 5,000 से अधिक पंजीकरण दर्ज होने तथा देश एवं विदेश से प्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ, इस समिट ने अभियान के विस्तृत होते दायरे, विश्वसनीयता और राष्ट्रीय प्रासंगिकता को प्रतिबिंबित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत सरकार के माननीय केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के माननीय उपमुख्यमंत्री (भूमि एवं राजस्व) श्री विजय कुमार सिन्हा तथा बिहार सरकार के माननीय उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल उपस्थित रहे। समिट का नेतृत्व लेट्स इंस्पायर बिहार के मुख्य संरक्षक श्री विकास वैभव, आईपीएस, ने किया।

## कांग्रेस ने जमीनी स्तर पर पार्टी सदस्यों को कानूनी सहायता प्रदान करने की पहल शुरू की


लोकतंत्र की शान, संवाददाता जीशान अली



**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने पार्टी की मुख्यधारा से युवा वकीलों को जोड़ने, पूर्व में सक्रिय कानूनी नेटवर्क को पुनर्जीवित करने, जमीनी स्तर पर पार्टी सदस्यों को कानूनी सहायता प्रदान करने और आरटीआई कानून को बचाने के लिए चार बड़े कार्यक्रमों की घोषणा की है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन और कानून, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग के चेयरमैन डॉ अभिषेक मनु सिंघवी ने इसकी जानकारी दी। डॉ. सिंघवी ने बताया कि पार्टी ने तीन महीने का एक फेलोशिप कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत दस युवा वकीलों को चुना जाएगा, जो सांसदों को सहयोग देंगे। इसका उद्देश्य कांग्रेस के नेताओं की अगली पीढ़ी को संसद में विपक्ष की भूमिका को समझने का मौका देना है। डॉ. सिंघवी ने कहा कि उनका विभाग कम से कम दस-एपिसोड की पॉडकास्ट श्रृंखला- "न्याय, नेता और नागरिक" भी लॉन्च करेगा। यह श्रृंखला कानूनी दिग्गजों के साथ-साथ उभरते हुए वकीलों को समाज और कानून से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखने का मंच प्रदान करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पहल यह सिर्फ कांग्रेस तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को भी इसमें अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। ऐसे समय में जब असहमति को अक्सर खारिज कर दिया जाता है, इसका उद्देश्य असहमति को जगह देना और समाज के ज्वलंत मुद्दों को उठाना होगा। यह संवैधानिक वार्तालाप को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है, जिसमें नागरिक, न्याय, संविधान और नेताओं को केंद्र बिंदु बनाकर चर्चा की जाएगी। इस श्रृंखला के प्रथम एपिसोड में सिंघवी स्वयं शामिल हैं, जो शीघ्र ही जारी होगा। इससे संवाद की जीत और दमन की हार का संदेश देने का प्रयास होगा।

## गुरुग्राम की पर्ल चौधरी होंगी महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

लोकतंत्र की शान



» पर्ल चौधरी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से की है लॉ की पढ़ाई

**गुरुग्राम।** कांग्रेस पार्टी ने दक्षिण हरियाणा का संगठन के स्तर पर एक बार फिर मान बढ़ाया है। पहले तो राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, अब पटौदी सुरक्षित सीट से 2024 का विधानसभा चुनाव लडऩे वाली पर्ल चौधरी को महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पर्ल चौधरी पटौदी के पूर्व विधायक भूपिंद्र चौधरी की बेटी हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई की है। उनकी इस नियुक्ति पर ना केवल उनके विधानसभा क्षेत्र में बल्कि पूरे गुडग़ांव जिले और संगठन में खुशी की लहर है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से पर्ल चौधरी की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए। पर्ल चौधरी ने हरियाणा महिला कांग्रेस के पद पर सुधा भारद्वाज की जगह ली है। शिक्षित और बिजनेसमैन परिवार से संबंध रखने वाली पर्ल चौधरी जमीन से जुड़ी नेत्री हैं। सरकार के खिलाफ पार्टी का पक्ष रखने की बात हो, सरकार की जनविरोधी नीतियों की बात हो, उन्होंने हर स्तर पर फ्रंट लाइन में आकर मजबूती से अपनी बात रखी है। संगठन के कार्यक्रमों में उनकी हमेशा प्राथमिकता से उपस्थिति रही है। उनकी यह नियुक्ति इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि दक्षिण हरियाणा से ही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह को पार्टी ने चुना। अब इसी क्षेत्र से ही महिला प्रदेश अध्यक्ष को चुना है। पर्ल चौधरी अनुसूचित जाति से संबंध रखी हैं। इसलिए सवर्ण व अनुसूचित जाति फैक्टर भी कांग्रेस ने चला है। इससे सभी को संगठन में प्रतिनिधित्व देकर कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के लोगों का सम्मान बढ़ाया है। अपनी नियुक्ति पर पर्ल चौधरी ने कहा कि वे प्रदेश की महिलाओं की आवाज को मजबूती से उठाएंगी। उनकी आवाज बनकर काम करेंगी। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूती देने के लिए महिलाओं की मजबूत टीम बनाएंगी। पर्ल चौधरी के पिता भूपिंद्र चौधरी ने वर्ष 2005 में कांग्रेस पार्टी की टिकट पर पटौदी विधानसभा से चुनाव लड़ा था। वे इस चुनाव में जीतकर विधायक बनें। वे वर्ष 1994 से 96 तक गुडग़ांव कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भी रहे थे। वर्ष 1991-94 व 1996 से 2001 तक वे हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मेंबर रहे। वर्ष 1977 से 90 तक वे 13 साल वे हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी एससी/एसटी सैल के महासचिव रहे थे।

## डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशलन स्टडीज (एडीजीआईपीएस) के वार्षिक तकनीकी-सास्कृतिक उत्सव उत्कर्ष 2026 का हुआ भव्य समापन समारोह

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली!** डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशलन स्टडीज (एडीजीआईपीएस) के वार्षिक तकनीकी-सास्कृतिक उत्सव उत्कर्ष 2026 का भव्य समापन समारोह दिनांक 21.02.2026 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट श्रीमति सोनाक्षी दास जी थीं। इस अवसर पर डॉ. विजय धीर डायरेक्टर कॉर्डिनेषन, प्रो. डॉ. निरंजन भट्टाचार्य, डायरेक्टर, श्री बी.एम.के. गुप्ता, डायरेक्टर फाइनान्स, श्रीमती पंखुड़ी अग्रवाल, असिसटेंट डायरेक्टर (एच.आर.) और समस्त विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट श्रीमति सोनाक्षी दास जी ने अपने संबोधन में बताया कि यह मेरे लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है इस समापन समारोह में मैं यहाँ उपस्थित हुई । इस वर्ष के उत्सव का विषय "विरासत से विकास तक" हमारी सोच और दृष्टि को बहुत सुंदर रूप से दर्शाता है। उत्कर्ष केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रतिभा, रचनात्मकता और सहयोग का मंच है, जो विद्यार्थियों को उनकी क्षमता पहचानने और भविष्य के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित करता है।मैं आयोजन टीम, संकाय सदस्यों और छात्र स्वयंसेवकों के समर्पण की सराहना करती हूँ। उनकी मेहनत, समन्वय और प्रतिबद्धता ने इस आयोजन को संभव बनाया है। एडीजीआईपीएस में हम समग्र शिक्षा में विश्वास रखते हैं — जहाँ हम केवल कुशल पेशेवर ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक और नवाचारी विचारक भी तैयार करते हैं। उत्कर्ष जैसे आयोजन इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मैं हमारे विद्यार्थियों को पिछले वर्ष में उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल उपलब्धियों के लिए बधाई देना चाहता/चाहती हूँ। आपकी मेहनत और लगन हमें अत्यंत गर्व का अनुभव कराती है। इस अवसर पर बीटेक, प्रबंधन और लॉ के छात्रों को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही मिस्टर और मिस उत्कर्ष 2026 को माननीय उपाध्यक्ष श्रीमति सोनाक्षी दास गुप्ता जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. निरंजन भट्टाचार्य ने अपने धन्यवाद संबोधन में बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास, एवं श्रीमती देवांशी दास के जी का धन्यवाद दिया कि उनके पारस्परिक मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण यह संस्थान निरंतर हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। समय-समय पर उनके द्वारा दिए गए सुझाव और मार्गदर्शन संस्थान को नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर कर रहे हैं तथा इसके समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। माननीय चेयरपर्सन मैम श्रीमती अलका दास गुप्ता जी, माननीय अध्यक्ष महोदय श्री विराज सागर दास जी और माननीय उपाध्यक्ष श्रीमती देवांषी दास जी ने इस अवसर पर संस्थान के सभी फैकल्टी, स्टाफ, छात्र-छात्रों को इस वार्षिक तकनीकी-सास्कृतिक उत्सव उत्कर्ष 2026 के सकुशल समापन पर हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में स्टार नाईट का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध गायिका चारू सेमवाल के गानों में छात्र-छात्रों ने झूमे नाचे।

# हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ में बनाएगी अपना कार्यालय


लोकतंत्र की शान



» रेडक्रॉस वाइस चेयरमैन ने राज्यपाल को लिखा पत्र, मांगी जमीन

**चंडीगढ़।** हरियाणा रेडक्रास सोसायटी ने चंडीगढ़ में अपना अलग कार्यालय बनाने की कवायद शुरू कर दी है। सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने राज्यपाल प्रो.असीम कुमार घोष से मुलाकात के बाद उन्हें इस संबंध में पत्र लिख दिया है। चंडीगढ़ में हाई कोर्ट, सिविल सचिवालय तथा रेडक्रॉस भवन जैसी कई इमारतें हैं जो आज भी पंजाब के साथ साझा तौर पर एक ही परिसर में चल रही हैं। अधिकारियों के आवंटन की तर्ज पर इन इमारतों को भी 60 व 40 प्रतिशत के अनुपात में बांटा गया है। रेडक्रास इमारत भी पंजाब के साथ एक ही परिसर में चल रही है। यहां स्टाफ के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। इसके साथ ही स्टोर, जिलों को भेजे जाने वाली राहत सामग्री व अन्य सामान को रखने की भी जगह नहीं है। लिहाजा, इन तमाम परेशानियों को देखते हुए वाइस चेयरमैन की ओर से राज्यपाल को नए भवन के लिए जगह मुहैया करवाने को लेकर पत्र लिखा गया है। वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी की ओर से पत्र में उल्लेख किया गया है कि हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी मानवीय सहायता में अग्रणी संस्था है, ऐसे में सोसायटी के विस्तार और बेहतर संचालन के लिए रेडक्रॉस भवन की आवश्यकता है। उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि रेडक्रॉस भवन निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि आवंटित की जाए, ताकि भविष्य की योजनाओं और सेवाओं को एक केंद्रीकृत ढांचे में संचालित किया जा सके। राज्यपाल को लिखे पत्र में वाइस चेयरमैन ने यह भी उल्लेख किया है कि रेडक्रॉस का अपना भवन बनने से प्रशासनिक कार्यों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, रक्तदान शिविरों, आपदा प्रबंधन समन्वय और सामाजिक कल्याण योजनाओं को एक ही परिसर में व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सकेगा। इससे कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी का कहना है कि रेडक्रॉस का अपना भवन होने से वाईआरसी, जेआरसी और गतिविधियों का संचालन आसानी से किया जा सकेगा। प्रस्तावित रेडक्रॉस भवन में ब्लड बैंक भी स्थापित किया जा सकेगा, क्योंकि चंडीगढ़ में पीजीआई और ट्राईसिटी में बड़े अस्पताल होने के चलते ब्लड की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ रही है।

## आरआरयू में दो दिवसीय सेमिनार आयोजित



लोकतंत्र की शान

**गांधीनगर।** गांधीनगर के राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) की ओर से दो दिवसीय "जेंडर सेंसिटाइजेशन, न्यूट्रिशन और पोश अवेयरनेस सेमिनार" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुजरात सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत जेंडर रिसोर्स सेंटर के सहयोग से सेतु कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्घाटन प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) कल्पेश एच. वांद्रा के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का दायित्व केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि जागरूकता, संवेदनशीलता और नैतिक मूल्यों को विकसित करना भी है। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा सत्र आयोजित किए गए। डॉ. धर्मेश कुमार, डी. प्रजापति ने जेंडर और विकास पर समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। डॉ. एकता खारडे ने पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। महेंद्र मकवाणा ने जेंडर समानता में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। प्रतिभागियों को अपने शैक्षणिक और पेशेवर जीवन में सम्मानजनक और समावेशी व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम डीन प्रो. (डॉ.) प्रियंका शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

**संक्षिप्त समाचार**

## डॉक्टर विनोद हॉस्पिटल नेत्र जांच शिविर में 200 से अधिक मरीजों की हुई निशुल्क जांच



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा : हसनपुर:** रविवार को नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी स्वर्गीय डॉक्टर विनोद अग्रवाल जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर डॉ विनोद हॉस्पिटल एवं अपोलो लेजर आई हॉस्पिटल मुरादाबाद द्वारा विशाल निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर तथा नेत्र प्रहरी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 200 से अधिक मरीजों की निशुल्क नेत्रों की जांच वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पल्लव अग्रवाल, डॉक्टर प्रांजल अग्रवाल, एवं डॉ संचित अग्रवाल द्वारा की गई तथा मुफ्त आंखों की दवा वितरित की गई, वही इस संबंध में डॉक्टर प्रांजल अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 50 से अधिक मोतियाबिंद के मरीजो का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड अथवा निशुल्क किया जाएगा, वही डॉक्टर पल्लव अग्रवाल ने बताया कि 1 साल से भी अधिक समय से डॉ विनोद अस्पताल द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में निशुल्क कैंप हफ्ते में दो बार लगाए जा रहे हैं जिससे अधिक से अधिक आंखों के पीड़ित रोगी तक यह सुविधा पहुंच सके, इस मौके पर 25 से अधिक समाजसेवियों को नेतृ प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से सनातन जागरण मंच के संयोजक दिनेश अग्रवाल जय भोले वाले, इकरामुद्दीन, चंद्रहास, गुड्डू, गोपाल, इंद्रेश, विनय गुप्ता, ज्ञान प्रकाश आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा है 1

## मुख्यमंत्री का सिंगापुर दौरा: निवेश और कौशल विकास को मिलेगी नई गति

**लोक तंत्र की शान : लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 22 से 24 फरवरी 2026 तक सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य उत्तर प्रदेश और सिंगापुर के बीच आर्थिक सहयोग, संस्थागत साझेदारी तथा विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्र विशेष सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करना है। यह दौरा भारत और सिंगापुर के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी रोडमैप के अनुरूप है, जिसमें आर्थिक सहयोग, डिजिटलाइजेशन, कौशल विकास, सतत विकास, कनेक्टिविटी और उन्नत विनिर्माण को प्रमुख प्राथमिकताओं के रूप में चिन्हित किया गया है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य होने के साथ-साथ तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में भी अग्रणी है। वर्ष 2024-25 में राज्य की सकल राज्य घरेलू उत्पाद 30.25 लाख करोड़ रुपये रही है, जो 2025-26 में लगभग 36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। राज्य में डिजिटल सिंगल विंडो प्रणाली और क्षेत्र विशेष नीतियों सहित निवेशकों के लिए एक व्यापक और पारदर्शी सुविधा ढांचा उपलब्ध है, जो निवेश प्रस्तावों के त्वरित और सुगम क्रियान्वयन को सुनिश्चित करता है। सिंगापुर भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान सिंगापुर से भारत को 14.94 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है। इस पृष्ठभूमि में मुख्यमंत्री की यह यात्रा उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के लिए एक प्रतिस्पर्धी, भरोसेमंद और दीर्घकालिक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री अपनी यात्रा के दौरान सिंगापुर के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ उच्चस्तरीय बैठकें करेंगे। इनमें सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगारत्नम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन, मानव संसाधन मंत्री तथा ऊर्जा एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी के प्रभारी मंत्री टैन सी लेंग शामिल हैं। इन बैठकों में भारत और सिंगापुर के बीच राष्ट्रीय स्तर पर तय सहयोग ढांचे को उत्तर प्रदेश में व्यावहारिक निवेश और परियोजना आधारित साझेदारी में बदलने पर विचार-विमर्श होगा।

## कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में एथलीट प्रतियोगिताओं का समापन

**लोक तंत्र की शान : बाँदा।** कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में खेल इकाई द्वारा चार दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट उमंग का समापन खिलाड़ी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में कृषि महाविद्यालय व विवि के अनेक लोग शामिल रहे। वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में कुछ छह महाविद्यालयों के लगभग 235 खिलाड़ियों, जिसमें 160 पुरूष व 75 महिला खिलाड़ी शामिल रहे। इन सभी खिलाड़ियों ने 26 खेलकूद स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया और अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में बेस्ट एथलीट श्वेता यादव उद्यान महाविद्यालय व पुरूष वर्ग में विनय कुमार कृषि महाविद्यालय रहे, जिन्हें मुख्य अतिथि एवं कुलपति डॉ. एसबीएस राजू द्वारा ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। 200 मीटर दौड़ की फाइनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विनय कुमार, कृषि महाविद्यालय, द्वितीय स्थान भूपेन्द्र कुमार उद्यान महाविद्यालय, तृतीय स्थान पर गुरूराम कृषि महाविद्यालय रहे। महिला वर्ग में प्रथम स्थान अंशिका, द्वितीय स्थान प्रकृति सिंह यादव व तृतीय स्थान पर श्रेयांतिका रही। विश्वविद्यालय दल का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कैप्टन रविंद्र कुमार सिंह ने किया। निर्णायक की भूमिका में अनुज शुक्ला, राहुल सिंह, सुरेन्द्र, राकेश और प्रद्युम्न रहे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दो आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर :** नगर में एक शादी समारोह के दौरान एक बैंकट हॉल में एक नाबालिक युवती से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया, पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं दो की तलाश जारी है, बताते चले कि घटना 20 फरवरी की रात बस स्टैंड चौराहे के पास स्थित एक बैंकट हॉल में हुई पीड़िता जो शादी समारोह में बारातियों पर फूल बरसाकर स्वागत करने का काम करती है वह कार्यक्रम के दौरान मंडप के एक कमरे में कपड़े बदलने गई थी वहीं आरोप है कि इस दौरान चार युवक जबरन कमरे में घुस आए और युवती के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी, युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की जिससे उसे चोटे आई, शोर सुनकर कार्यक्रम में हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना दी गई, पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है, अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि नाम जद आरोपी अतुल चौहान निवासी सेमला और आकाश निवासी करनपुर माफी सहित दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पोस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है, पुलिस ने अतुल और आकाश को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया, वहीं पुलिस फरार चल रहे दो अन्य अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही है 1

## कैंसर जागरूकता अभियान के तहत हुआ भैया नेचुरल बैलनेश सेंटर का शुभारंभ




लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर:** रविवार को नगर की पुरानी तहसील के निकट कैंसर जागरूकता अभियान के तहत भैया नेचुरल वैलनेस सेंटर का शुभारंभ लखनऊ से आए TCM pathy के जानकार डॉक्टर अभय गुप्ता व TCM pathy व एकूलाइफ के विस्तृत जानकार डॉक्टर रामसागर शुक्ला आदि ने किया, इस मौके पर एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को बताया गया कि हम 100 साल स्वस्थ जीवन कैसे पाएं प्राकृतिक तरीकों से लोगों को जागरूक किया गया कार्यक्रम में मुंह का कैंसर महिलाओं में बच्चेदानी का कैंसर व मोबाइल के रेडिएशन से हो रहे दिमाग का कैंसर, माइग्रेन, हाई बीपी, वह लो बीपी, गठिया, सर्वाइकल आदि बीमारियों को से कैसे बचा जाए इसके प्रति जागरूक किया गया, इस मौके पर वैलनेस सेंटर के संयोजक मनोज कुमार, अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, सुशील भगत जी, फतेहचंद, हारून रशीद, डॉ. मुन्ना, राकेश सिंह चौहान, डॉ. कविता कौर, डॉ. मोहम्मद शान, निखिल कुमार, फरहा मैंम, नाजमा, नाजरीन, चंचल, सृष्टि, संजय कुमार, ताहिर आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे 1

# वन ट्रिलियन इकॉनमी के लक्ष्य के लिए योगी सरकार का बड़ा प्लान

लोक तंत्र की शान




**लखनऊ।** सीएम योगी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में व्यापक विदेशी निवेश लाने की मुहिम जारी है। इसी क्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को जर्मनी पहुंचे हैं। यह यात्रा भारत व यूरोपीय संघ (EU) के बीच हाल में हुए मुफ्त व्यापार समझौते (Free Trade Agreement) के बाद की जा रही है, जिसे दोनों पक्षों के लिए ऐतिहासिक आर्थिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस समझौते को जनवरी 2026 में अंतिम रूप दिया गया था, जिससे भारत-ईयू के बीच व्यापार और निवेश के नए अवसर खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समझौते में उत्तर प्रदेश के लिए निवेश तथा ओडीओपी उत्पादों के निर्यात की असीम संभावनाएं देख रहे हैं। उपमुख्यमंत्री सोमवार को जर्मनी में विभिन्न कंपनियों, व्यापार समूहों और उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे तथा उन्हें उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। इस दौरे के दौरान संभावित मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (MoU) पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं, जो यूपी के निर्यात और औद्योगिक विस्तार को मजबूती देंगे। इस दौरे से संभावित निवेश के अलावा उत्तर प्रदेश के उत्पादों को यूरोपीय बाजारों में पहुंचने के मार्ग आसान होने की उम्मीद जताई जा रही है। ट्रेड डील के बाद यूपी के ब्रांडेड उत्पादों, टेक्सटाइल तथा फिनिश्ड गुड्स को यूरोपीय बाजारों में बेहतर प्रतिस्पर्धी स्थिति मिल सकती है। राज्य सरकार ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार शो और निवेश सम्मेलनों के माध्यम से ग्लोबल बायर्स और व्यापारियों को यूपी के उत्पादों से रूबरू कराया है, जिसमें विभिन्न देशों से खरीदारों और निवेश प्रस्तावों का उत्साहजनक जुड़ाव रहा है।

## एक शहर, अनगिनत हमले: नजीबाबाद में आवारा कुत्तों की दहशत, पूर्व में रहे थाना प्रभारी तक नहीं बचे





लोक तंत्र की शान, (खिजर अहमद ) नजीबाबाद

**नजीबाबाद :** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। पिछले दो वर्षों में लगभग 100 के करीब लोग इन आवारा कुत्तों के हमलों का शिकार हो चुके हैं, जिसमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं। हाल की घटनाओं ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है, जहां लोग घर से बाहर निकलने से भी डरने लगे हैं। बच्चे स्कूल जाने या खेलने में हिचकिचाते हैं, जबकि बुजुर्गों पर हमले आम हो गए हैं। ताजा मामला मोहल्ला हवेली तला का है, जहां निवासी फरीद अहमद खान पर आवारा कुत्तों के झुंड ने जानलेवा हमला कर दिया। कुत्तों ने उनके पैरों को बुरी तरह फाड़ दिया और सिर व हाथ पर भी गंभीर चोटें पहुंचाईं। घटना घर के बाहर हुई, जब फरीद अहमद बाहर थे। शोर सुनकर पड़ोसियों ने हस्तक्षेप किया और कुत्तों को भगाया। घायल बुजुर्ग को तुरंत सरकारी अस्पताल समीपुर ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है। इस घटना की सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिससे इलाके में आक्रोश और दहशत का माहौल है। इससे पहले भी कई ऐसी घ

# यूपी को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' बनाने के मिशन के साथ आज सिंगापुर-जापान रवाना होंगे सीएम योगी

» म्यांमार यात्रा के बाद पहला विदेशी दौरा, 23-24 सिंगापुर और 25-26 फरवरी को जापान प्रवास
» सिंगापुर की 25 और जापान की 8 कंपनियों के शीर्ष प्रतिनिधियों से करेंगे मुलाकात

लोक तंत्र की शान




**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के उत्तर प्रदेश को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर और जापान के चार दिवसीय दौरे पर आज रवाना होंगे। 2017 की म्यांमार यात्रा के बाद यह मुख्यमंत्री का पहला विदेशी दौरा होगा, जिसे प्रदेश की निवेश कूटनीति और औद्योगिक विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 23-24 फरवरी को सिंगापुर और 25-26 फरवरी को जापान प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री 33 वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। इस यात्रा की खास बात यह होगी कि मुख्यमंत्री जी-टू-बी (गवर्नमेंट टू बिजनेस) बैठकों और राउंड टेबल मीटिंग के जरिए निवेशकों से सीधे संवाद करेंगे। यूपी के सीईओ की तरह वे निवेशकों से प्रदेश के औद्योगिक रोडमैप, नीति स्थिरता और कारोबारी संभावनाओं पर स्पष्ट और परिणाम केंद्रित बातचीत करेंगे। प्रवासी भारतीयों और उत्तर प्रदेश वासियों को संबोधित करने के साथ वे स्कूली बच्चों से भी संवाद करेंगे और प्रदेश की विकास यात्रा साझा करेंगे।

सरकार का मानना है कि 25 करोड़ नागरिकों की शक्ति उत्तर प्रदेश को उत्पादन और उपभोग दोनों का केंद्र बनाती है। विशाल श्रमबल, बड़ा बाजार और तेजी से विकसित हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' के विजन की मजबूत आधारशिला हैं।

**सिंगापुर की 25 कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे सीएम योगी**-सिंगापुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री 25 कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे। गूगल और एसटीटी ग्लोबल जैसे निवेशकों के साथ डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर, जापफा ग्रुप और ओलम इंटरनेशनल के साथ एग्रीबिजनेस, मैपलट्री और एआई सैट्स के साथ लॉजिस्टिक्स नेटवर्क तथा एबीपीएन, जीएससी ग्रीन्स और ईडीपीआर सनसीप के साथ क्लीन व सौर ऊर्जा निवेश पर चर्चा होगी। ग्रीनफील्ड वेंचर्स और ड्रीमट्रस्ट के साथ हॉस्पिटैलिटी व थीम पार्क, यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप के साथ पैकेजिंग, सेम्बकॉर्प के साथ इंडस्ट्रियल पार्क और सिंगापुर एयरलाइंस इंजीनियरिंग कंपनी के साथ एविएशन क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। टेमासेक, जीआईसी और ब्लैकस्टोन जैसे वैश्विक निवेश फंड्स के साथ पूंजी निवेश, जबकि फुलर्टन फाइनेंशियल, डीबीएस बैंक और वर्टेक्स वेंचर्स के साथ फिनटेक व स्टार्टअप सहयोग पर भी बातचीत होगी।

**जापान में आठ प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे मुख्यमंत्री**-जापान प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री आठ प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। कुबोटा और सुजुकी के साथ ऑटोमोबाइल निवेश, टोक्यो इलेक्ट्रॉन के साथ सेमीकंडक्टर, तोशिबा के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग तथा टोयो डेंसो, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स और नागासे एंड कंपनी के साथ ऑटोमोबाइल सप्लाई चेन सहयोग प्रमुख एजेंडा रहेंगे।

## विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर:** रविवार को चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन डगरोली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का रविवार को उद्घाटन शिक्षाविद ब्रह्दत त्यागी ने गांव बोनावाली डगरोली में किया उन्होंने सभी स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से जानकारी देते हुए कहां की सरकार द्वारा निर्धारित विषय कौशल विकास हेतु युवा थीम के तहत सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी 1 उन्होंने सभी स्वयंसेवी को सड़क पर आने जाने वाले बाइकर्स एवं फोर व्हीलर ड्राइवरो को सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया 1 प्राचार्य डॉ राकेश आर्य ने सड़क सुरक्षा के विषय में बताते हुए कहा कि हमारे देश में हर साल हजारों लोग सड़क सुरक्षा की जानकारी के अभाव में एक्सीडेंट का शिकार हो जाते हैं 1 इसलिए हम सब का कर्तव्य है कि अपने गांव परिवार समाज के लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के विषय में जानकारी दें 1 इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ,मनोज शर्मा, विनोद गुप्ता ,लोकेश कुमार ,जूही त्यागी, ,शिवानी , राखी, सरस्वती ,मोनिका ,पूजा अनीता ,शीतल , आदि सहित सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे 1

# अयोध्या में अब हर श्रद्धालु को 'अतिथि देवो भवः' की भावना के अनुरूप मिलेगा सत्कार

लोक तंत्र की शान



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन के तहत तेजी से संवर रही रामनगरी में आने वाले अब हर श्रद्धालु को 'अतिथि देवो भवः' की भावना के अनुरूप सत्कार मिलेगा। इसके लिए रामकथा पार्क में एक आधुनिक नवीन पर्यटक आवास गृह (गेस्ट हाउस) का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। यह परियोजना अयोध्या में बढ़ते पर्यटकों की संख्या को देखते हुए ठहरने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। रामकथा पार्क पहले से ही रामायण की कथाओं को जीवंत रूप में दर्शाने वाला महत्वपूर्ण स्थल है, अब एक नए जी+3 मंजिला भवन के रूप में और आकर्षक बनने जा रहा है। इस पर्यटक आवास गृह में कुल 34 कमरों की सुविधा उपलब्ध होगी, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आरामदायक ठहरने का विकल्प प्रदान करेगी। भवन की कुल अनुमानित लागत 2421.08 लाख रुपये है। यह निर्माण कार्य यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड निर्माण इकाई -11 अयोध्या की देखरेख में हो रहा है, जबकि पीपीई प्रणाली के तहत एलएंडटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कार्यान्वयन किया जा रहा है। एलएंडटी जैसी प्रतिष्ठित कंपनी के हाथों में होने से निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता पर पूरा भरोसा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के विकास को अपनी प्राथमिकता बनाया हुआ है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद से यहां पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। ऐसे में ठहरने की सुविधाओं का विस्तार अनिवार्य हो गया था। रामकथा पार्क में यह नया आवास गृह न केवल सामान्य पर्यटकों के लिए बल्कि मध्यम वर्ग के श्रद्धालुओं के लिए भी किफायती और सुविधाजनक विकल्प साबित होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में चल रहे अन्य प्रोजेक्ट्स जैसे घाटों का सौंदर्यीकरण, सड़कों का चौड़ीकरण, टेंट सिटी और थीम पार्क आदि के साथ यह नया पर्यटक आवास गृह अयोध्या की छवि को और निखार देगा।

# विधायक हाजी तसलीम के प्रयासों से नजीबाबाद बाईपास को फोर लेन बनाने की राह प्रशस्त, रमजान-ईद पर शहरवासियों को बड़ी सौगात

» जनता की सेवा लगातार करता आया हु और हमेशा करूंगा लोग मेरे काम से मुझे जानते हैं जनता से किया मेरे हर वादा पूरा होता हैं

लोक तंत्र की शान, (खिजर अहमद)



**नजीबाबाद :** नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद के निरंतर प्रयासों से नजीबाबाद हरिद्वार बाईपास मार्ग के पुनर्निर्माण को गति मिल गई है। विधायक ने बताया कि लोक निर्माण विभाग को भेजे गए प्रस्ताव के बाद 16.14 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार हो चुका है और इसे राज्य सड़क निधि योजना 2025-26 के तहत प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रमुख सचिव को भेज दिया गया है। रविवार को हरिद्वार बाईपास पर मीडिया से बातचीत में विधायक हाजी तसलीम अहमद ने कहा, "पिछले एक साल से मैं इस खस्ताहाल मार्ग के चौड़ीकरण के लिए सदन में आवाज उठा रहा था। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कई मुलाकातें कीं और पत्र सौंपे। आजाद चौक से हरिद्वार रोड तक लगभग 1700 मीटर के इस मार्ग को फोर लेन में विकसित किया जाएगा, जिसमें दोनों ओर नाला निर्माण और सौंदर्यीकरण भी शामिल है। यह शहरवासियों के लिए रमजान-ईद का तोहफा है।" उन्होंने आगे कहा कि भारी वाहनों के आवागमन से सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिससे लोगों को धूल, गड्ढों और परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निर्माण शुरू होने पर यह समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी। विधायक ने बताया कि उनके प्रयास से नजीबाबाद के विकास कार्य लगातार जारी हैं, जिसमें बढ़िया क्षेत्र में मालन नदी पुल सहित अन्य सड़कों को भी बजट स्वीकृति मिली है। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष कसीम अहमद एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद रफी, समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष फरहान खान, पूर्व प्रधान जाहिद अंसारी, अनवर खान मंसूब, नईम मकरानी, नसीम अहमद, मोहम्मद परवेज, इंजीनियर शादाब हैदर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

## संक्षिप्त समाचार


### अंडर-19 वर्ल्डकप में जीत के बाद पटना पहुंचे वैभव सूर्यवंशी, टाटा मोटर्स ने कार गिफ्ट की




**पटना।** अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीतकर बिहार और देश का नाम रोशन करने वाले क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी रविवार को पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान कई लोग वैभव के साथ सेल्फी लेते नजर आए। पटना पहुंचने के बाद टाटा मोटर्स की ओर से वैभव को कार गिफ्ट किया गया। इस दौरान वैभव के पिता और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। वैभव शाम 4 बजे सीएम आवास पर एक विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैभव को 50 लाख का चेक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह मौजूद रहें। सरकार इस उपलब्धि को बिहार के खेल इतिहास के लिए गौरव का क्षण मान रही है। युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से सरकार की ओर से यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पटना में युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को एक नई कार गिफ्ट की गई। इस खास मौके पर उनके पिता समेत परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। नई कार की चाबी मिलने के बाद वैभव काफी उत्साहित नजर आए और उन्होंने इसे अपने लिए प्रेरणादायक पल बताया।

### बिहटा के निजी अस्पताल में परिजन-स्टाफ भिड़े, नवजात के इलाज को लेकर जमकर हुई मारपीट

**पटना।** पटना जिले के बिहटा थानाक्षेत्र में स्थित एक निजी चाइल्ड केयर क्लीनिक में मारपीट हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पहुंची, जिसके बाद मामला शांत हुआ। यह घटना बीती रात दक्षिण रेलवे ओवरब्रिज के पास स्थित क्लीनिक में हुई। अब घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। अस्पताल में लगे CCTV कैमरे के फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह विवाद शुरू हुआ और मारपीट में बदल गया। घटना के बाद अस्पताल में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। इस घटना में दोनों पक्ष के तरफ से कुछ लोगों को चोटें आई है, जिनका इलाज चल रहा है। फिलहाल, घटना के बाद अभी भी बच्चे का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, मो. गुड्डू नामक व्यक्ति ने अपने नवजात बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। घटना को लेकर पिता गुड्डू ने बताया कि, 'चार दिन पहले अपने फुलवारी शरीफ में बच्चे का जन्म हुआ। कुछ दिक्कत होने के बाद अपने नवजात बच्चे को श्रीजा चाइल्ड केयर अस्पताल बिहटा में भर्ती कराया था। शनिवार शाम को रोजा खोलने के बाद जब अस्पताल अपने बच्चे को देखने गया। इसी दौरान अस्पताल के स्टाफ ने कुछ जांच के लिए लिखाकर दिया। जांच के बाद जब मैंने डॉक्टर से मिलने की कोशिश की तो अस्पताल के कर्मियों ने इधर-उधर घुमाया। इसी विवाद को लेकर अस्पताल के एक कर्मी राहुल कुमार ने पहले मेरे छोटे भाई के साथ मारपीट किया और गाली दिया गया। इसी विवाद को लेकर रात में मेरे परिवार और मेरे साथ अस्पताल के कर्मियों ने मारपीट की। सीसीटीवी में आप खुद देख सकते हैं।' अस्पताल के डॉ.चंदन कुमार ने बिहटा थाना में मारपीट को लेकर आवेदन दिया है। उन्होंने भी आरोप लगाया कि बच्चे के परिजनों ने पहले अस्पताल के कर्मियों के साथ मारपीट की है। इधर थानाप्रभारी अमित कुमार ने बताया कि, इस घटना में अस्पताल के तरफ से आवेदन दिया गया है, लेकिन दूसरे पक्ष के तरफ से आवेदन नहीं दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।



### अंतरजिला चोर गिरोह का खुलासा, 4 अपराधी गिरफ्तार, 2 गैस एजेंसियों से चोरी वाहन-सिलेंडर बरामद

**हाजीपुर।** वैशाली पुलिस ने अंतरजिला चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर दो पिकअप वैन, एक बाइक और कई गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। इस गिरोह ने जिले की दो गैस एजेंसियों से लगभग 30 लाख रुपए के सामान की चोरी की थी। लालगंज एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि हाल ही में वैशाली और बेलसर थाना क्षेत्रों में स्थित दो गैस एजेंसियों से पिकअप वाहन और दर्जनों गैस सिलेंडरों की चोरी हुई थी। इन घटनाओं के खुलासे के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र से पहले एक अपराधी को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के आधार पर अन्य तीन अपराधियों का सुराग मिला, जिन्हें बाद में अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों ने दोनों चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। एसडीपीओ मंडल के अनुसार, इन गिरफ्तारियों के साथ दोनों चोरी की घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया गया है।



### 60 साल के प्रिंसिपल ने मुस्लिम टीचर से की शादी, नेपाल में लिए फेरे, गांव में तनाव

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में 60 साल के प्रिंसिपल ने अपने ही स्कूल की टीचर शाइस्ता परवीन(28) से शादी कर ली है। नेपाल के जनकपुरीधाम में शादी करते दोनों की तस्वीरें भी सामने आई है। मामला औराई थाना इलाके का है। प्रिंसिपल का नाम राकेश साह है, जो 4 बच्चों का पिता है। वहीं शाइस्ता के साथ शादी के बाद दोनों परिवारों और गांव में तनाव का माहौल है। लड़की के भाई ने प्रिंसिपल पर बहन के अपहरण का केस दर्ज कराया है। साथ ही आरोप लगाया, 'राकेश साह ने जबरन मेरी बहन को मुस्लिम से हिन्दू बनने पर मजूबर किया है। वहीं, भाई के आरोप के बाद शाइस्ता ने भी वीडिया जारी किया, जिसमें उसने खुद से शादी करने की बात कही है। राकेश साह मुजफ्फरपुर में एक स्कूल के संचालक होने के साथ-साथ वहां शिक्षक भी हैं। शाइस्ता परवीन उसी स्कूल में टीचर थीं। एक ही स्कूल में काम करने की वजह से दोनों की मुलाकातें होती रहीं। फिर बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ और समय के साथ नजदीकियां दोनों के बीच बढ़ गईं। दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे। जब रिश्ता गहराया तो उन्होंने शादी करने का फैसला किया। बताया जाता है कि 18 फरवरी को दोनों मुजफ्फरपुर से नेपाल चले गए। वहां जनकपुर पहुंचकर दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद उन्होंने फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर इसकी जानकारी सार्वजनिक की।



# युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन केंद्र के खिलाफ आक्रोश

एजेंसी, पटना




पटना के इनकम टैक्स गोलंबर पर आज युवा कांग्रेस (बिहार प्रदेश) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध-प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास ने किया। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 'एपस्टीन फाइल्स' में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम सामने आने और एआई समिट के दौरान हुए प्रदर्शन के बाद संगठन के पदाधिकारियों राष्ट्रीय सचिव कृष्ण हरि और प्रदेश सचिव कुंदन यादव को गैरकानूनी ढंग से हिरासत में लिया गया।

**कहा- भारत की अस्मिता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं:** प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास ने कहा, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री को देश की संप्रभुता और अस्मिता के सवाल पर स्पष्ट रुख रखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर मंत्रिमंडल के किसी सदस्य का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी विवादित दस्तावेज में आता है, तो सरकार को देश के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कहा कि भारत अपनी संप्रभुता के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ स्वीकार नहीं करेगा। युवा कांग्रेस भाजपा के हर कथित कुकृत्य का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी।

**इनकम टैक्स गोलंबर पर नारेबाजी :** प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने "कृष्ण हरि को रिहा करो" और "एपस्टीन फाइल डील पर जवाब दो" जैसे नारे लगाए। कुछ देर तक चौराहे पर यातायात प्रभावित रहा, हालांकि बाद में पुलिस की मौजूदगी में स्थिति सामान्य कराई गई। युवा कांग्रेस का कहना है कि एआई समिट के दौरान युवाओं द्वारा किया गया विरोध लोकतांत्रिक अधिकार के दायरे में था और इसे अपराध की तरह पेश करना गलत है।

**विधायक अभिषेक रंजन का बयान:** इस मौके पर कांग्रेस

**गिरफ्तारी और एपस्टीन फाइल पर सरकार से जवाब की मांग**

विधायक अभिषेक रंजन ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। जब सत्ता में बैठे लोग गूंगे और बहरे हो जाते हैं, तब युवाओं को अपनी आवाज बुलंद करनी पड़ती है। एआई समिट में विरोध करना कोई अपराध नहीं है। जिन युवाओं ने विरोध किया, उन्होंने देश-विरोधी कोई कार्य नहीं किया।

**जिलों में भी प्रतीकात्मक प्रदर्शन:** युवा कांग्रेस ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में भी प्रतीकात्मक पुतला दहन कर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया गया। संगठन ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के सम्मान और विचारधारा की रक्षा के लिए कार्यकर्ता आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेंगे।

# साउथ बिहार एक्सप्रेस में घुसे बदमाश

एजेंसी, पटना

छत्तीसगढ़ के दुर्ग से चलकर बिहार के आरा आने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस में रविवार को हिंसक घटना हुई है। कुछ अज्ञात लोगों ने ट्रेन के H1 कोच को निशाना बनाया और यात्रियों से मारपीट किया। घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन को फतुहा रेलवे स्टेशन पर करीब डेढ़ घंटे तक रोककर जांच की गई। हालांकि, तब तक सभी आरोपी भागने में सफल रहे।

**H1 कोच में हुई मारपीट, एक यात्री का सिर फटा:** दौलतपुर के रहने वाले नरोत्तम भास्कर ने आरोप लगाया कि 'बख्तियारपुर से एक आदमी कोच का दरवाजा खटखटा रहा था। मैंने दरवाजा नहीं खोला। फिर दूसरी बोगी की ओर गया और उधर से दोबारा आकर अंदर ताक झांक किया। फतुहा स्टेशन पर जब गाड़ी पहुंची तो जोर-जोर से दरवाजे खटखटाना लगा। मुझे संदेह हुआ तो मैंने अपने लोगों को कॉल किया। जब वह लोग दूसरी बोगी से पहुंचे तो यह लोग भागने लगे।

इसी कड़ी में मेरे एक साथी को पत्थर मारकर उसका सिर फोड़ दिया। वह लोग चार-पांच की संख्या में थे। बिलासपुर में शादी थी। वहीं से हम लोग लौट रहे थे।'



♦ H1 कोच में मारपीट, जीआरपी बताकर दरवाजा खुलवाने की कोशिश, यात्री का सिर फटा, फतुहा में घंटेभर खड़ी रही ट्रेन

**वीआईपी कोच, किराया फ्लाइट बराबर, सुरक्षा कुछ नहीं- निरंजन:** नालंदा के रहने वाले निरंजन प्रियदर्शी के सिर में चोट लगी है। निरंजन प्रियदर्शी ने बताया कि, इस दौरान मारपीट हो रही थी, उसी दौरान जीआरपी ने भी मुझे ही आरोपी मानकर मारपीट की, जबकि मैं उनसे रिक्वेस्ट करता रहा।

# फरवरी में ही बढ़ी गर्मी, बिहार में पारा चढ़ा

एजेंसी, पटना

राजधानी समेत पूरे बिहार में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खासकर रात का तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है, जिससे सुबह और रात में भी हल्की गर्माहट महसूस की जा रही है। राजधानी पटना में अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5.5 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। यह बढ़ोतरी फरवरी महीने के लिए असामान्य मानी जा रही है। सुबह के समय आर्द्रता 58 प्रतिशत तक रही, लेकिन दोपहर होते-होते इसमें गिरावट दर्ज की गई और यह घटकर 49 प्रतिशत तक पहुंच गई। दिन में हल्की पश्चिमी शुष्क हवाएं 7 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रहीं, जिससे धूप का असर और अधिक महसूस हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, आज राज्यभर में आसमान मुख्यतः साफ रहने की संभावना है।



♦ पटना का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री ऊपर, अगले दिनों में 33 पार के आसार

# बिहार सरकार बोर्ड लगी गाड़ी ने युवक को कुचला मौत, पटना-बख्तियारपुर फोरलेन पर हादसा

एजेंसी, पटना

पटना-बख्तियारपुर फोरलेन (NH-30) पर रविवार को कोका-कोला फैक्ट्री के पास एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग बोर्ड लगी एक कार ने पहले सड़क किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मारी, फिर एक मजदूर को कुचल दिया। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शव के साथ नेशनल हाईवे को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर लगभग 5 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रविवार को एक सफेद रंग की कार पटना से बख्तियारपुर की दिशा में जा रही थी। कोका-कोला फैक्ट्री के पास कार चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया।

**कार ने पहले एक ट्रक में पीछे से टक्कर मारी:** कार ने सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार लोग सुरक्षित बच गए, लेकिन वे वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसी दौरान, पास की एक फैक्ट्री में कार्यरत एक मजदूर नाश्ता कर अपने गोदाम की ओर लौट रहा था। अनियंत्रित कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। घायल मजदूर को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**निजी गोदाम में मजदूरी करता था युवक:** पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान जम्मू के उधमपुर निवासी जीपों राम के 22 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार के रूप में हुई है। अरुण कुमार रोजी-रोटी की तलाश में फतुहा आया था और यहां एक निजी गोदाम में मजदूरी करता था। हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों ने मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे और कार सवारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर हाईवे जाम कर दिया। आवागमन पूरी तरह ठप होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही फतुहा थानाध्यक्ष कुमार रौशन दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर जाम छुड़वाया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त कार पर ग्रामीण कार्य विभाग का बोर्ड लगा है, जिसकी जांच की जा रही है। फरार कार सवारों की तलाश जारी है और कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।




**वाहन ने पहले ट्रक में टक्कर मारी थी**

# पटना में वैश्य महासभा का पारिवारिक होली मिलन समारोह, फाग गीतों पर झूमे लोग

एजेंसी, पटना

पटना में वैश्य महासभा बिहार ने शनिवार को राजेंद्र नगर स्थित गणपति उत्सव हॉल में पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों के साथ जनप्रतिनिधी भी मौजूद रहे। समारोह का उद्घाटन वैश्य महासभा बिहार के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार (एडवोकेट), धार्मिक न्यास बोर्ड के सह सदस्य सह स्थानीय विधायक संजय गुप्ता और पटना नगर निगम की मेयर सीता साहू ने संयुक्त रूप से किया।

**अतिथियों को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं:** उद्घाटन के बाद, मंचासीन अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। वैश्य महासभा के प्रधान महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता, महिला अध्यक्ष श्रीमती कोमल बरनवाल और महिला महामंत्री श्रीमती रीता जैन ने मेयर श्रीमती सीता साहू को अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया, साथ ही अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।



**फाग गीतों पर झूमती दिखी महिलाएं:** समारोह में वक्ताओं ने होली को आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का पर्व बताया। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज को एकजुट करने का सशक्त माध्यम करार दिया। डॉ. आनंद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वैश्य महासभा सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रही है। विधायक संजय गुप्ता ने समाज के विकास में वैश्य समाज की भूमिका की सराहना की। मेयर सीता साहू ने शहर के विकास कार्यों में समाज के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

**अबीर से दिया एकता का संदेश, कई जनप्रतिनिधियों भी रहे मौजूद**

**आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का पर्व:** कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता, महिला अध्यक्ष कोमल वर्णवाल, महिला महामंत्री रीता जैन, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. अमित केसरी, कुमारी नीतू, रेणु गुप्ता, संगीता गुप्ता, कान्ति केसरी, आरती बरनवाल, कल्याणी गुप्ता, देवेंद्र कुमार, संतोष कुमार, राजीव गुप्ता, राजकुमार और डॉ. आशुतोष अग्रहरि सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। समारोह का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामूहिक मिलन के साथ हुआ। पूरे आयोजन में उत्साह, उल्लास और पारिवारिक वातावरण की झलक देखने को मिली।

# चंदन मिश्रा हत्याकांड, फिल्मी स्टाइल में कोर्ट परिसर में दिखा बादशाह

एजेंसी, पटना

पटना के चर्चित चंदन मिश्रा हत्याकांड के आरोपी तौसिफ उर्फ बादशाह का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उसे 'बिहार का बाहुबली' बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर तौसिफ के नाम से बनाई गई ID से लगातार 6-7 पोस्ट किए गए हैं। इनमें से तीन पोस्ट पटना सिविल कोर्ट परिसर के बताए जा रहे हैं, जहां वह हाथ में हथकड़ी लगाए कोर्ट परिसर में 'हई जिले का बाहुबली... चला देब गोली त केहू ना बोली' गाने पर रील शूट कराते नजर आ रहा है।

बता दें 17 जुलाई 2025 की सुबह पारस अस्पताल में घुसकर चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात में शूटर्स की टीम को लीड तौसिफ ही कर रहा था। फिलहाल वह बेऊर जेल में बंद है।

**तौसिफ ऊर्फ बादशाह कौन है:** पटना के पारस अस्पताल में घुसकर गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या करने वाला शूटर तौसिफ के नाम से सोशल मीडिया पर कई अकाउंट चल रहे हैं, जिन पर उसकी रील्स वायरल हो रही हैं। फुलवारी शरीफ निवासी तौसिफ की मां एक शिक्षिका हैं। उसने पटना के प्रतिष्ठित सेंट कैरेन हाई स्कूल से पढ़ाई की है। हालांकि, बताया जाता है कि पैसा और पावर की चाह में उसने अपराध की दुनिया का रास्ता चुना। खुद को 'बादशाह' बनाने की ख्वाहिश में वह अपने नाम के साथ तौसिफ बादशाह लिखता है। तौसिफ का पूरा नाम तौसिफ रजा है। उसके पिता पटना जंक्शन के पास हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं, जबकि मां एक स्कूल शिक्षिका हैं।



# पटना-राजद ने मनाई संत रविदास की 649वीं जयंती

एजेंसी, पटना

संत रविदास की 649वीं जयंती पर आज पटना के मिलर हाईस्कूल मैदान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने किया। इसमें राज्यभर से संत रविदास के अनुयायी बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए पटना पहुंचे हैं। तेजस्वी को चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया गया। तेजस्वी यादव ने कहा, हर बार की तरह इस बार भी जयंती मनाया जा रहा है। आज के दौर में संत रविदास और ज्यादा प्रासंगिक हैं। सभी को इनके बारे में पढ़ना चाहिए, इनके बारे में सीखना चाहिए। इन्होंने कितना संघर्ष किया था। जो लोग शासन कर रहे, वो गरीबों के लिए कुछ नहीं कर रहे। सड़कों पर से सब गरीबों को हटाया जा रहा है। सत्ता में महा ठग लोग हैं। चंद अमीरों का काम सरकार कर रही है।



**अपराध, शराबबंदी पर सरकार को घेरा:** आगे कहा, संविधान को खत्म करने का काम सरकार कर रही है। चुनाव में लोग हारे हैं और तंत्र जीता है। बिहार में अपराध बढ़ गया है। झूठा पोस्टमार्टम रिपोर्ट दिया जा रहा है। पूरे बिहार में शराब बिक रही है। इसमें जेल सिर्फ दलित समाज के लोग जाते हैं। बिहार में एक भी काम बिना घूस दिए नहीं हो रहा है। थाना, ब्लॉक सब का वही हाल है। समाज की गरीबी बेरोजगारी है। तेजस्वी ने कहा, नौकरी में धांधली हों रही है, जो पैसा दे रहा, उसको नौकरी मिल रही है। इलाज, पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है।

♦ तेजस्वी यादव बोले- सरकार गरीबों के लिए कुछ नहीं करती, संत रविदास के बारे में सबको पढ़ना चाहिए

**कहा- हमने 2 लाख शिक्षकों को नौकरी दी:** 17 महीने की सरकार में 5 लाख लोगों को नौकरी दी गई है। 2 लाख शिक्षकों को हमने नौकरी दी है। बिहार का दुर्भाग्य है कि बिहार को अचेत मुख्यमंत्री मिला है। कठपुतली मुख्यमंत्री है, भाजपा उनसे अपना काम करवा रही है। क्या-क्या हरकत वो आज कल कर रहे हैं, आप लोग देख ही रहे हैं। चुनाव आता है, पैसा देता है, घूस लेता है। UGC पर तेजस्वी ने कहा कि इसके लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, पहले भी लड़े हैं। इसपर अलग से बात करेंगे।

**सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश:** इस कार्यक्रम का आयोजन रविदास चेतना मंच की ओर से किया गया है। रविदास चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने बताया कि, समारोह को लेकर आयोजकों ने व्यापक तैयारियां की हैं। मंच, पंडाल और सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। कार्यक्रम में संत रविदास के विचारों और उनके सामाजिक समरसता, समानता एवं भाईचारे के संदेश पर चर्चा की जाएगी।

वक्ताओं द्वारा उनके जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही समाज के अधिकारों और सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर भी आवाज बुलंद की जाएगी। आयोजकों का कहना है कि यह समारोह केवल जयंती तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज में जागरूकता और एकता का संदेश देने का भी माध्यम बनेगा। कार्यक्रम को लेकर अनुयायियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

## श्रीकृष्ण भगवान ने यमुना में कालिया नाग का किया नाथन

» उर्मिलेश्वर धाम पडऱा में श्रीराधाकृष्ण लीला का हो रहा है आयोजन
» 25 फरवरी को होगा होली की भव्य लीला का मंचन



**लोकतंत्र की शान सीधी**। श्रीरामकृष्ण लीला प्रचार मंडल वृन्दावन के कलाकारों के द्वारा रासलीला का मंचन 17 फरवरी प्रतिदिन उर्मिलेश्वर धाम तिलक नगर पडऱा में परम पूज्य दण्डी स्वामी निर्भायानंद सरस्वती के सानिध्य में वरिष्ठ समाजसेवी विनय कुमार सिंह परिहार के सौजन्य से आयोजित हो रहा है। शनिवार को रासलीला का शुभारंभ श्रीराधाकृष्ण की निकुंज लीला से किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, जिला संगठन महामंत्री ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, अधिवक्ता विनोद वर्मा, संजू सिंह परिहार, विनोद सिंह, दिलीप सितानी, संतोष सिंह ने भगवान श्रीराधाकृष्ण की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किये। उक्त रासलीला में कालिया नाग नाथन की लीला का मनमोहक मंचन किया गया। जिसमें गरुड़ के डर से कालिया नाग, रमणक द्वीप छोडक़र यमुना जी के एक कुण्ड में रहने आया था। उसके विष के कारण यमुना का पानी इतना जहरीला हो गया था कि उसके ऊपर से उडऩे वाले पक्षी भी गिरकर मर जाते थे। एक दिन बाल गोपाल के साथ खेलते समय श्रीकृष्ण ने श्रीदामा की गेंद को जानबूझकर उसी कुण्ड में गिरा दिए। श्रीदामा के द्वारा अपनी गेंद वापस लेने की जिद पर भगवान श्रीकृष्ण गेंद लेने यमुना में कूदे, तो कालिया नाग ने उन्हें घेर लिया और काटने का प्रयास किया। श्रीकृष्ण ने कालिया नाग के सैकड़ों फनों पर नृत्य किया। जब कालिया की पत्नियों ने कृष्ण की स्तुति की और कालिया को क्षमा करने की प्रार्थना की तब कृष्ण ने उसे मुक्त किया। उक्त रासलीला में ठाकुर जी श्रीकृष्ण की भूमिका दिपेश शर्मा, श्री जी की भूमिका गोविंद शर्मा, श्री जी की अष्ट सखियों की भूमिका में करण शर्मा, नैतिक शर्मा, रवि शर्मा, राजू शर्मा, देव कुमार शर्मा, रामवीर शर्मा ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कान्हा जी दिगंबर शर्मा, हरीष शर्मा, छोटू मिश्रा, ऋषि मिश्रा द्वारा अभिनय किया गया।

## कैथलः वाहन की टक्कर से 17 वर्षीय किशोर की मौत

**लोकतंत्र की शान : कैथल**। जिले के गांव खरकां के पास दर्दनाक सड़क हादसे में 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक शनिवार देर रात बाइक पर सवार होकर काम से अपने घर लौट रहा था, तभी गांव के मुख्य मार्ग पर किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। गांव खरकां निवासी हरपाल सिंह का 17 वर्षीय बेटा कर्ण बाइक रिपेयरिंग का काम सीख रहा था। वह रोज की तरह सुबह काम पर गया था और रात को काम समाप्त कर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के मुख्य मार्ग पर पहुंचा, पीछे से आए तेज रफ्तार एक वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कर्ण गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। परिजनों को घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में उसे कैथल के नागरिक अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के पिता हरपाल सिंह ने बताया कि कर्ण मेहनती और जिम्मेदार बेटा था, जो कम उम्र में ही काम सीखकर परिवार का सहारा बनने की कोशिश कर रहा था। परिवार में माता-पिता के अलावा उसका एक छोटा भाई है। उन्होंने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गुहला थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई है। थाना के जांच अधिकारी नायब सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## सोनीपतः पुलिस एएसआई ने सर्विस रिवाल्वर से आत्महत्या की

**लोकतंत्र की शान : सोनीपत**। सोनीपत पुलिस लाइन में तैनात एक सहायक उपनिरीक्षक ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार आधी रात की है। गोली कनपटी से होकर खोपड़ी के आरपार निकल गई, जिससे अधिक खून बहने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही रविवार को पुलिस ने हथियार कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव सिटावली निवासी एएसआई जसबीर सिंह पिछले दो वर्ष से सोनीपत पुलिस लाइन में तैनात थे और वर्तमान में यातायात शाखा में ड्यूटी दे रहे थे। घटना के समय वे पुलिस लाइन स्थित सरकारी क्वार्टर में पत्नी के साथ मौजूद थे। ड्यूटी से लौटने के बाद पत्नी रसोई में खाना बना रही थी। इसी दौरान कमरे से अचानक गोली चलने की आवाज आई। पत्नी जब अंदर पहुंचीं तो वे खून से लथपथ फर्श पर पड़े थे। कनपटी पर गोली लगी थी। पत्नी ने सिर पर चुन्नी बांधकर खून रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल की जांच के लिए फोरेंसिक दल को बुलाया गया। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। अधिकारियों के अनुसार पत्नी के बयान और मोबाइल कॉल विवरण के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। बेटी की शादी लगभग एक वर्ष पहले हुई थी। बेटा विदेश में रहकर पढ़ाई कर रहा है। शव को नागरिक अस्पताल की शवगृह में रखवाया गया है। बेटे के विदेश से लौटने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा और फिर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## अजमेर में पीएम मोदी की 28 को सभा, कायड़ विश्रामस्थली पर हुआ भूमि पूजन

**लोकतंत्र की शान : अजमेर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे। वे कायड़ विश्रामस्थली में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा में शामिल होंगे। इस संबंध में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि प्रधानमंत्री की यह सभा प्रेरणादायक होगी और इसमें लाखों लोगों की भागीदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सभा एक नया रिकॉर्ड स्थापित करेगी। रविवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से सभा स्थल पर विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर देवनानी ने सभा स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भूमि पूजन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा सहित भाजपा के कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को सुबह 11:30 बजे कायड़ विश्रामस्थली पहुंचेंगे। हेलीपैड पर उतरने के बाद वे सभा स्थल के समीप एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। इसके तहत नौ से 14 वर्ष आयु वर्ग की पांच बालिकाओं को टीका लगाया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे।

# कांग्रेस अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

» कर्तव्यनिष्ठ सेवा को सम्मानित कर किया नमन

लोकतंत्र की शान



**सीधी**। विधानसभा क्षेत्र सीधी के ग्राम अमरवाह में आज एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न शासकीय विभागों में वर्षों तक निष्ठापूर्वक सेवा देकर सेवानिवृत्त हुए सम्मानित नागरिकों का साल एवं श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया गया। सम्मानित होने वालों में लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा (पुलिस विभाग), शमुद्रिका प्रसाद द्विवेदी (पशु चिकित्सालय), बीरेंद्र सिंह (बिजली विभाग), सुरेन्द्र सिंह (सिंचाई विभाग) एवं शंखधर सिंह (शिक्षा विभाग) शामिल रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्ति किसी भी कर्मयोगी के जीवन का अंत नहीं, बल्कि समाज के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। आप सभी ने अपने-अपने विभागों में रहकर ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ जो सेवाएं दीं, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में रहकर कानून व्यवस्था बनाए रखना हो, पशु चिकित्सालय के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ पशुधन की सेवा करना हो, बिजली विभाग के जरिए गांव-गांव रोशनी पहुंचाना हो, सिंचाई विभाग के माध्यम से किसानों की फसलों को जीवन देना हो या शिक्षा विभाग के जरिए नई पीढ़ी का भविष्य संवारना आप सभी ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया है। ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि समाज और क्षेत्र के विकास में शासकीय सेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। आप जैसे कर्मठ और ईमानदार अधिकारियों के कारण ही व्यवस्था पर आमजन का विश्वास कायम रहता है। आपके अनुभव और मार्गदर्शन की आवश्यकता समाज को आगे भी रहेगी। कार्यक्रम के अंत में सम्मानित अतिथियों ने भी अपने सेवा काल के अनुभव साझा करते हुए क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। समारोह आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के परिजन सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वच्छता मिशन का आयोजन

लोकतंत्र की शान, राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट

**करनालः** स्वच्छता मिशन वार्ड नंबर 5 पार्षद सुभाष कंबोज ने क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विकास के क्षेत्र में अनेक सौगात देते हुए अपने मिशन को अधिक कामयाब करने का प्रयास किया है पत्रकारों को जानकारी देते हुए वार्ड 5 पार्षद सुभाष कंबोज ने वार्ड के सभी मूल निवासियों का धन्यवाद प्रकट किया और कहा सभी समस्याओं का जल्दी से जल्दी कार्य पूरा करा दिया जाएगा ,, उन्होंने कहा हर व्यक्ति का दायित्व बनता है वह अपने क्षेत्र को सौंदर्य बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारी समझें और लोगों को जागरूक करें , उन्होंने कहा हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनेक उज्जवल योजना गरीब लोगों के लिए लाभदायक है पार्षद सुभाष कंबोज ने कहा वार्ड पांच की सभी मूलभूत सुविधाओं को दिलाने का अथक प्रयास किया जा रहा है जिसमें सफाई व्यवस्था पहला स्थान रखती है , इसलिए हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है वह अपने वार्ड को साफ सुथरा बनाए रखें उन्होंने विधानसभा स्पीकर हरविंदर कल्याण नगर



विधायक जगमोहन आनंद करनाल की मेरे रेनू वाला गुप्ता तथा जिला अध्यक्ष प्रवीण राठौर का भी धन्यवाद प्रकट किया और कहा कि समय-समय पर क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण करने में उनके द्वारा दिया जा रहा योगदान हमारे लिए एक नई खुशियों का संदेश देता है और क्षेत्र की हर समस्या जल्दी ही पुरी की जाएंगे ऐसा उनका विश्वास है

## हरियाणा साहित्य रत्न सम्मान से नवाजे गए कृष्ण कुमार निर्माण

कृष्ण कुमार हुए सम्मानित

लोकतंत्र की शान



**करनाल ( राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट ):** शिक्षा विभाग ,हरियाणा में द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी के रूप में कार्यरत हिंदी और हरियाणवी के कवि और लेखक कृष्ण कुमार निर्माण को 22 फरवरी को कलानौर (रोहतक) में आयोजित एक भव्य साहित्यिक समारोह में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृत अकादमी और पंजीकृत संस्था निराला साहित्यिक एवं कला मंच की ओर से हरियाणावी साहित्य में योगदान देने के लिए 'निराला हरियाणा साहित्य रत्न सम्मान' से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉक्टर धर्मदेव विद्यार्थी,गोरखपुर की धराधाम इंटरनेशल के प्रोफेसर डॉक्टर सौरभ पांडेय द्वारा दिया गया।इस कार्यक्रम में दिल्ली,उत्तरप्रदेश और पंजाब के कवियों/लेखको को उनके साहित्यिक अवदान के लिए विभिन्न अवार्डों से सम्मानित किया गया।

कृष्ण कुमार निर्माण को यह सम्मान उनके द्वारा हरियाणवी भाषा में लिखी गई ग़ज़ल संग्रह 'बखत-बखत की बात',हरियाणवी लघुकविता संग्रह 'बखत-बखत के बोल' और हरियाणवी कुंडली संग्रह 'मन कै जाल्लै' के साथ-साथ उनका हरियाणवी में चौथा लघुकविता संग्रह 'घणा बदलग्गा यार जमाना' के तहत अवदान के लिए दिया जाएगा।ज्ञात रहे कि कृष्ण कुमार निर्माण की अब तक कुल मिलाकर दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।जिनमें से चार हरियाणवी और छह हिंदी भाषा की हैं।साथ ही इनके कई सांझा काव्य संग्रह भी हैं और हिंदी/हरियाणवी लघुकथा सांझा संग्रह भी है।कृष्ण कुमार निर्माण द्वारा लिखित आलेख/कविताएँ अक्सर देश भर की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर छपते रहते हैं।

## स्वामी अड़गड़ानन्द महाराज पहुंचे बरचर आश्रम वार्षिक विशाल भंडारा आयोजित

लोकतंत्र की शान





**सीधी**। जिला मुख्यालय से तकरीबन 50 किलोमीटर की दूरी पर स्तिथ परमहंस आश्रम बरचर मे हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष पंचमी 22 फरवरी को पूज्य स्वामी अड़गड़ानन्द महाराज के सानिध्य मे वार्षिक भंडारा सम्पन्न हुआ। जहां लाखों भक्तों ने बरचर आश्रम पहुंचकर पूज्य स्वामी अड़गड़ानन्द महाराज का दर्शन करते हुए भंडारे का प्रसाद ग्रहण किये सुबह से ही दर्शन करने एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने भक्तों का ताँता लग गया दोपहर 11 बजे से लेकर 6 बजे तक रामपुर चौराहे से लेकर आश्रम स्थल तक भारी भीड़ देखी गयी वहीं आश्रम के संतजनों द्वारा प्रवचन किया गया जहां भक्तों ने प्रवचन का भी रसपान किया आश्रम से जुड़े भक्तों द्वारा भंडारे को देखते हुए अच्छी व्यवस्था की गयी थी पुरुष जनो एवं महिलाओं के लिए अलग -अलग जगहों पर पंगत की व्यवस्था की गयी थी जहां 5 लाख से ज्यादा लोगों ने पंगत मे बैठकर प्रसाद ग्रहण किये साथ ही डाक्टरों द्वारा मुफ्त चिकित्सा व्यवस्था के भी इंतजाम किये गए थे जहां विभिन्न प्रकारों के उपचारो के लिए डाक्टरों की टीम भी उपस्थित थी पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किये गए थे विभिन्न थानो के थाना प्रभारी पुलिस टीम के सांथ अलग -अलग जगहों पर मौजूद रहें थाना प्रभारी मझौली विशाल शर्मा, कुसमी थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी, मड़वास थाना प्रभारी के एस सिंह बघेल, यातायात थाना प्रभारी भूपेश बैस,टिकरी चौकी प्रभारी प्रमोद तिवारी , पोंडी चौकी प्रभारी डी के रावत,भुईमाड़ थाना प्रभारी, सहित अन्य थानो के थाना प्रभारी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मौजूद रहें। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने सीधी जिले एवं म. प्र. के अलावा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, पंश्चिम बंगाल, राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब हरियाणा एवं देश के अन्य राज्य के भक्त पहुँचे थे भक्तों मे उनके दर्शन को लेकर उत्साह देखा गया और पूज्य स्वामी अड़गड़ानन्द महाराज का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किये।

## ब्राम्हण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे कुसमी, दिए ज्ञापन

» यदि नहीं होती कार्रवाई तो 24 से होगा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन


लोकतंत्र की शान



**सीधी**। जिले के कुसमी तहसील मुख्यालय में पुजारी इन्द्रभान द्विवेदी की नृशंस हत्या के मामले को लेकर जनाक्रोश तेज हो गया है। मामले में कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने 24 फरवरी 2026 से घटना स्थल ग्राम भगवार में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। वहीं संगठन का कहना है कि 15 फरवरी 2026 को सीधी कलेक्टर के नाम ज्ञापन कुसमी तहसीलदार के माध्यम से सौंपा गया था, जिस पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए। इस ज्ञापन में संगठन ने कई गंभीर मांगें रखी हैं। पहली मांग में हत्याकांड की पृष्ठभूमि में हिंदू पूजा-पाठ विरोधी संगठनों की भूमिका की जांच कर आरोपियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की बात कही गई है। जहां दूसरी मांग में उच्च स्तरीय एसआईटी गठित कर निष्पक्ष जांच और प्रकरण को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की गई है। वहीं संगठन का आरोप है कि हत्या के समय से फरार बताए जा रहे संदिग्धों के संबंध में पुलिस को सूचना देने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। वहीं तीसरी मांग में मुख्य आरोपी कामता उर्फ लाला केवट पर तहसील परिसर में अवैध अतिक्रमण और खुले बूचडख़ाने के संचालन का आरोप लगाते हुए मकान जमींदोज करने तथा घर में रखे कथित अवैध हथियारों की जब्ती की मांग की गई है। चौथी मांग में मृतक पुजारी के परिजनों के लिए 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की अपेक्षा जताई गई है। पांचवीं मांग में मंदिर समिति एवं स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई है यह कहते हुए कि आरोपी पक्ष के परिजन उद्दण्ड एवं आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जिससे भय का माहौल बना हुआ है। इस धरना प्रदर्शन को लेकर संगठन ने स्पष्ट किया है कि मांग पत्र पर विधिवत अमल होने तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. संजय त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष पं. पुष्पेंद्र मिश्रा और जिलाध्यक्ष पं. राकेश दुबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति बताई गई। सोमवार को दोपहर 1 बजे प्रतीकात्मक धरना दिया गया, जिसके बाद 3 बजे प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इस प्रशासन की ओर से इस संबंध में आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है, वहीं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस सतर्क बताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों की नजर अब 24 फरवरी से प्रस्तावित आंदोलन और प्रशासनिक कदमों पर टिकी है।

## भोलगढ़ में 2 जंगली हाथियों की दस्तक, वन विभाग अलर्ट

लोकतंत्र की शान



**सीधी**। जिले के रामपुर नैकिन विकासखंड के अंतर्गत ग्राम भोलगढ़ अकौरी हनुमानगढ़ बडौरा इन क्षेत्रों में दो जंगली हाथियों की मौजूदगी की सूचना मिलने से ग्रामीणों में सतर्कता बढ़ गई है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर सक्रिय हो गई है और लगातार निगरानी की जा रही है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर राजेन्द्र यादव ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, लेकिन पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि हाथियों की गतिविधियों पर विभाग की टीम नजर बनाए हुए है और ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। वन विभाग ने अपील करते हुए कहा है कि रात में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, जंगल और खेत की ओर अकेले न जाएं, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें, हाथियों की लोकेशन दिखे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए विभाग ने कहा है कि अफवाहों से बचें और किसी भी प्रकार की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएं। वन अमला क्षेत्र में गश्त कर रहा है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। प्रशासन ने सभी ग्रामवासियों से सजग रहने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# शादी-ब्याह के सीजन में नहीं मिलती पक्की रसीद

» जीएसटी का भय दिखाकर ग्राहकों से किया जा रहा छल
» खाते में आने वाली राशि की काटी जाती है जीएसटी रसीद

लोकतंत्र की शान

**सीधी**। शादी ब्याह के सीजन में जिन सामानों की मांग काफी है उसके दाम आसमान पर पहुंच चुके हैं। व्यवसायियों की मनमानी का आलम यह है कि उनके द्वारा काफी महंगे दामों में सामानों की बिक्री बेखौफ होकर की जा रही है। जीएसटी का भय दिखाकर हजारों रूपए की बेची जाने वाली सामग्री का भी पक्का बिल ग्राहकों को नहीं दिया जा रहा है। बाद में खाते में आने वाली राशि की जीएसटी रसीद काटने की औपचारिकता गोपनीय तौर पर निभा ली जाती है। शासन के नियमों के अनुसार बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में हाथ से बिल काटने की पूरी तरह से मनाही है। सभी बड़े प्रतिष्ठानों में बिक्री के दौरान नियमित रूप से कम्प्यूटर ऑपरेटर होने चाहिए। ग्राहकों द्वारा खरीदी गई सामग्री कम्प्यूटर में लोडकर उसी से प्रतिष्ठान की पक्की रसीद ग्राहक को जीएसटी के साथ प्रदान की जानी चाहिए। सीधी जिला मुख्यालय का ही हाल यह है कि यहां अधिकांश इलेक्ट्रानिक्स सामग्री की बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों द्वारा ग्राहकों को कम्प्यूटर राइज्ड बिल नहीं दिए जा रहे हैं। प्रतिष्ठान की ओर से हाथ से लिखे बिल काटे जा रहे हैं। सबसे ज्यादा मनमानी रेडीमेड कपड़ा एवं साड़ी स्टोर्स संचालकों की बनी हुई है। उनके द्वारा शादी ब्याह के सीजन में हजारों रूपए की खरीदी के बाद भी ग्राहकों को हाथ से लिखा कच्चा बिल पकड़ाया जा रहा है जबकि यहां से भी ग्राहकों को कम्प्यूटर के माध्यम से पक्का बिल जारी होना चाहिए। तत्संबंध में जानकारों का कहना है कि वाणिज्यिक कर विभाग सिंगरौली के अधिकारियों की सुस्ती के चलते सीधी जिला मुख्यालय समेत सभी कस्बाई क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों में टैक्स चोरी करने की होड़ मची हुई है। वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा यदि प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर उनके यहां ग्राहकों को दी जाने वाली मनमानी रसीद पर सख्त कार्यवाही करने का अभियान चलाया



जाय तो व्यवसायियों की लूट से ग्राहक बच सकते हैं। व्यवसायियों की मनमानी यह है कि वर्तमान में सभी इलेक्ट्रानिक्स सामानों के दाम मनमानी तौर पर बढ़ा लिए गए हैं। ग्राहकों का चेहरा देखकर उनके द्वारा सामान की कीमत बताई जाती है और उसी के आधार पर बिक्री की जा रही है। शादी ब्याह के कार्यक्रमों की तैयारी में लगे अधिकांश लोग लाखों रूपए के इलेक्ट्रानिक्स सामान एक साथ खरीद रहे हैं और उन्हे प्रतिष्ठानों की ओर से पक्की रसीद तक नहीं मिल पा रही है। मनमानी कीमत देने के बाद भी यदि सामानों में किसी तरह की गड़बड़ी आई तो प्रतिष्ठान के संचालक उस पर जिम्मेदारी के साथ कार्यवाही करने की वजाय अपना पल्ला भी सीधे झाड़ लेते हैं।

### महंगे दामों पर बिक रहे फर्नीचर व इलेक्ट्रानिक सामान


शादी ब्याह के कार्यक्रमों की भरमार के चलते बाजार में फर्नीचर एवं इलेक्ट्रानिक्स सामानों की मांग काफी ज्यादा बनी हुई है। इसी वजह से संबंधित व्यवसायी इन दिनों कंपनी से सीधे दाम बढऩे की जानकारी देकर मनमानी तौर पर दाम बताकर वसूली करने में मशगूल हैं। इलेक्ट्रानिक सामानों में सबसे ज्यादा खरीदी फ्रिज, स्मार्ट एलसीडी टीवी, वॉशिंग मशीन, कूलर, मिक्सर, प्रेस की बनी हुई है। वहीं फर्नीचर में सोफा सेट, दीवान, बेड, फोम गद्दा, तकिया की खरीदी भी बड़े पैमाने पर हो रही है। सामान्य परिवार के लोग भी 20 हजार रूपए का फर्नीचर एवं 25-30 हजार रूपए का दीवान तथा 10 हजार रूपए के फोम गद्दे की खरीदी कर रहे हैं। अधिकांश प्रतिष्ठानों द्वारा उक्त दामों में जो सामान ग्राहकों को दिए जा रहे हैं उनकी वास्तविक कीमतें 25 फीसदी भी नहीं है। ग्राहकों से इतनी कीमतें वसूलने के बाद भी पक्के बिल देने के वजाय हाथ से बिल पकड़ाए जा रहे हैं।

इसी तरह फर्नीचरों की दुकानों में भी इन दिनों मनमानी लूट मची हुई है। सामान्य लकड़ी के फर्नीचर जो कि आसानी के साथ 10 हजार रूपए के आसपास मिलने चाहिए उनकी कीमत 20 हजार रूपए वसूले जा रहे हैं। वहीं बेड, शोफा सेट, दीवान के मनमानी तौर पर कीमतें ग्राहकों से ली जा रही हैं। चर्चा के दौरान बाजार में फर्नीचर एवं दीवान की खरीदी करने आए कुछ ग्राहकों ने कहा कि व्यवसायियों द्वारा बबूल एवं आम के फर्नीचरों पर सागौन और सीसम की पालिश करके उसके दाम चार गुना ज्यादा वसूले जा रहे हैं। फर्नीचर किस ईमारती लकड़ी का है इसके संबंध में उनके पास कोई पुख्ता साक्ष्य नहीं रहता फिर भी ग्राहक भी मजबूरी में मनमानी कीमत पर फर्नीचरों की खरीदी करने के लिए मजबूर हैं। सीधी जिले का हाल यह है कि यहां जिम्मेदार विभागों के अधिकारी ग्राहकों को लुटने के लिए पूरी तरह से छोड़ दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने 24 घंटे में ग्लोबल टैरिफ 5% बढ़ाया, पहले 10%, अब 15% किया

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% करने का ऐलान किया है। उन्होंने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। इससे पहले ट्रम्प ने शुक्रवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सभी देशों पर 10% टैरिफ लगाने की बात कही थी। दरअसल अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रम्प को IEEPA कानून का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है। इससे नाराज होकर ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों पर नए



कानून (सेक्शन-122) का इस्तेमाल कर 10% टैरिफ लगा दिया था। इस कानून के तहत अधिकतम 15% टैरिफ ही लगाया जा सकता है।हालांकि यह टैरिफ सिर्फ 150 दिन के लिए ही लागू रहेगा। अगर इन्हें आगे बढ़ाना है तो कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। ट्रम्प ने एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दुनियाभर के देशों पर नया टैरिफ लगाया है। यह 15% टैरिफ 24 फरवरी से लागू हो जाएगा। इससे पहले उन्होंने कल टैरिफ को अवैध बताने वाले जजों की भी आलोचना की। ट्रम्प ने कहा- मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। भारत के साथ ट्रेड डील पर ट्रम्प ने कहा कि, इस डील में कोई बदलाव नहीं होगा। पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं।

### कहा-बीफ और मुसलमानों में लिंक नहीं

**कोझिकोड।** केरल में फिल्म केरल स्टोरी 2 : गोज बियॉन्ड के खिलाफ स्टूडेंट्स फेरेशन ऑफ इंडिया (SFI) के बीफ फेस्ट के आयोजन की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग(IUML) ने आलोचना की है। लीग ने कहा कि इस तरह का विरोध लोगों की भावनाएं भड़काने वाला है। IUML के स्टेट जनरल सेक्रेटरी पी एम ए सलाम ने कहा कि बीफ फेस्ट मुस्लिम वोटरों को लुभाने के लिए एक सस्ता पॉलिटिकल हथकंडा है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बीफ और मुसलमानों के बीच क्या लिंक है। दरअसल, फिल्म केरल स्टोरी 2 के ट्रेलर के मुताबिक, फिल्म में एक सीन है जिसमें एक किरदार को जबरदस्ती बीफ खिलाया जाता है। इसका विरोध करने के लिए SFI ने बीफ फेस्ट



का आयोजन किया था। IUML का बीफ फेस्टिवल पर बयान मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन के केरल स्टोरी 2 फिल्म का बॉयकॉट करने की अपील के दो दिन बाद आया। MSF के स्टेट जनरल सेक्रेटरी सी के नजफ ने शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) के विरोध प्रदर्शन का विरोध करते हुए कहा था कि इससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। SFI की डिस्ट्रिक्ट कमिटी ने मानवेयम वेधी में फेस्ट का आयोजन किया था। कामाख्या नारायण सिंह के डायरेक्शन में बनी केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड 27 फरवरी को रिलीज होने वाली है। इसके पहले पार्ट, द केरल स्टोरी ने 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बेस्ट डायरेक्शन और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी का अवॉर्ड जीता था।

### पुलिस अधिकारी की बेटी के प्राइवेट पार्ट सैनिटाइजर से जलाए

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में 19 साल की लिव-इन पार्टनर टॉर्चर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती बीएससी की छात्रा है और उसकी मां त्रिपुरा में पुलिस अधिकारी है। आरोपी शिवम ने लिव-इन में रहते हुए उसके प्राइवेट पार्ट को सैनिटाइजर डालकर लाइटर से आग लगाई। साथ ही मारपीट कर वीडियो भी बनाया। एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि कस्टडी में आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वो छात्रा के साथ फिजिकल रिलेशन बना रहा था। उसके साथ लगातार मारपीट की गई।



इसके बाद युवती ने किसी तरह अपनी मां को कॉल की। फिर मां ने लोकल पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी को धर दबोचा। साथ ही छात्रा की सीरियस हालत में दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल रेफर में भर्ती कराया। रविवार को गुरुग्राम पहुंचीं छात्रा की मां ने भी युवक पर गंभीर आरोप लगाए है। कहना है कि उसकी बेटी को तीन दिन तक बंधक बनाए रखा। यूरिन तक पिलाया। पीड़ित छात्रा मूल रूप से त्रिपुरा की रहने वाली है और वह गुरुग्राम के एक पीजी में रह रही थी। गुरुग्राम की ही एक यूनिवर्सिटी से बीएससी की पढ़ाई कर रही है। एक ऑनलाइन मोबाइल एप के जरिए युवक शिवम के साथ उसकी मुलाकात हुई थी। आरोपी दिल्ली के नरेला का रहने वाला है। सितंबर 2025 में बातचीत शुरू होने के बाद दोनों एक दूसरे से कई बार मिले। पीड़िता का आरोप है कि शिवम ने शादी का झांसा देकर उसके साथ फिजिकल रिलेशन बनाए। इसके बाद वे गुरुग्राम के पीजी में साथ रहने लगे। इस दौरान आरोपी को युवती के कैरेक्टर पर शक होने लगा। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने धमकी दी कि उसे आगे भी इतना पीटेगा कि कभी मां नहीं बन पाएगी।

### एमपी में 7 जिलों में बारिश का अलर्ट, राजस्थान में टेम्परेचर 30° पार, उत्तराखंड में माइनस 24°



**भोपाल/लखनऊ/शिमला/देहरादून।** देश के पहाड़ी और मैदानी राज्यों में तेजी से मौसम में बदलाव हो रहा है। मध्य प्रदेश में फरवरी के महीने में चौथी बार बारिश का अलर्ट है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) और टर्फ की एक्टिविटी की वजह से मौसम बदला है। मौसम विभाग ने राज्य के मंडला, डिंडौरी समेत 7 जिलों में पानी गिरने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। राजस्थान में मौसम में दोबारा बदलाव है। सुबह-शाम की सर्दी कम हो गई है। शनिवार को 10 से ज्यादा शहरों का अधिकतम टेम्परेचर 30°C और उससे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान में अगले 7 दिन बारिश की संभावना नहीं है, आसमान खुला रहेगा। इसके कारण टेम्परेचर में 2° से 3°C तक बढ़ोतरी हो सकती है। इधर, जम्मू-कश्मीर में फरवरी का सबसे गर्म दिन 21 फरवरी को रहा। यहां दिन का तापमान 21°C तक पहुंचा। जो सामान्य से 10°C ज्यादा है। इससे पहले 24 फरवरी 2016 को 20.6°C रहा था। उत्तराखंड में के हिमालयी इलाकों में टेम्परेचर 0° से नीचे है। मुनस्यारी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां टेम्परेचर माइनस 240°C रहा। गंगोत्री में -22°C, बद्रीनाथ में -19°C, हेमकुंड साहिब में -18°C और हर्षिल में -17°C रहा। राज्य में कहीं भी बर्फबारी का अलर्ट नहीं है।

# पुलिस ने तमिलनाडु-बंगाल से 8 संदिग्ध को किया गिरफ्तार

एजेंसी, तिरुप्पुर/नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने रविवार को 8 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 6 तमिलनाडु और 2 पश्चिम बंगाल से अरेस्ट किए गए। पुलिस के मुताबिक यह सभी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI और बांग्लादेशी आतंकी संगठनों के इशारे पर आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। संदिग्धों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है। इनके पास से 12 से ज्यादा मोबाइल फोन और 16 से ज्यादा सिम कार्ड बरामद हुए हैं। तमिलनाडु के तिरुप्पुर से जिन 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उनमें मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल हैं। इन लोगों ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठनों के समर्थन में सोशल मीडिया पोस्ट की थीं। 3 आरोपियों को उथुकुली, 3 को पल्लादम और एक आरोपी तिरुमुरुगनपोंडी से पकड़ा गया। ये सभी फर्जी आधार कार्ड के जरिए पहचान छिपाकर तिरुप्पुर में गारमेंट इंडस्ट्री में काम कर रहे थे।



**आतंकियों की मदद के लिए रेकी की:** दिल्ली पुलिस के मुताबिक तमिलनाडु से गिरफ्तार 6 संदिग्धों पर आतंकियों की मदद के लिए शहरों की रेकी का आरोपी है। इसके अलावा दिल्ली में 'फ्री कश्मीर' के पोस्टर लगाने में भी शामिल होने का शक है। सभी को ट्रेन से दिल्ली लाया जा रहा है।

**21 फरवरी: देश में सिक्योरिटी अलर्ट जारी:** एक दिन पहले ही केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने देश के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों

> ♦ **हमले की साजिश थी, आईएसआई और बांग्लादेशी आतंकी संगठनों से कनेक्शन, 12+ मोबाइल, 16 सिमकार्ड बरामद**

पर टेरर अटैक को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसके बाद दिल्ली में लाल किला, चांदनी चौक में सुरक्षा बढ़ाई गई है। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां मिलकर स्थिति पर नजर रख रही हैं। संवेदनशील इलाकों में CCTV से निगरानी की जा रही है। वाहनों की जांच और अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और क्विक रिएक्शन टीमें भी तैनात की गई हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत पुलिस या आपात सेवाओं को सूचना देने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, यह कदम केवल सावधानी के तौर पर उठाए गए हैं।

## टैरिफ में बदलाव से भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बैठक टली

एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी



भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते (ITA) को लेकर होने वाली बैठक टल गई है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी PTI ने सरकारी सूत्रों के हवाले से दी। बैठक 23-26 फरवरी को वॉशिंगटन में होनी थी। दरअसल समझौते में भारत को 18% टैरिफ देना था, लेकिन शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सभी ग्लोबल टैरिफ रद्द कर दिए थे। जिसके बाद ट्रम्प ने शुक्रवार को ही दुनियाभर पर पहले 10% टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15% कर दिया। अब ट्रम्प का 15% ग्लोबल टैरिफ लागू हो रहा है, जो डील वाले 18% से कम है। इसके कारण दोनों पक्षों ने तय किया कि इन बदलावों की समीक्षा के बाद बैठक की नई तारीख तय की जाएगी। बैठक के टलने से अब इस ट्रेड डील में देरी हो सकती है।

**इस ट्रेड डील के कारण भारत का टैरिफ घटा था:** कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 7 फरवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के साथ ट्रेड डील की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपए) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई। इसके बाद अंतरिम व्यापार समझौते (ITA ) का फ्रेमवर्क जारी किया गया था। इसके तहत ही भारतीय सामान पर अमेरिका का टैरिफ 25% से घटाकर 18% कर दिया गया है। इसके अलावा रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25% अतिरिक्त टैरिफ भी हटा लिया गया था।

## अजित पवार प्लेन क्रैश- 28 फरवरी तक आएगी रिपोर्ट

एजेंसी, मुंबई

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की प्लेन क्रैश में हुई मौत की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 28 फरवरी तक जारी की जाएगी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने रविवार को इसकी जानकारी दी। मुरलीधर मोहोल ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट घटना के एक महीने के भीतर 28 फरवरी तक आ जाएगी। इस बीच, अजित पवार की मौत पर राज्य सरकार के रुख को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। विपक्ष ने बजट सत्र से पहले होने वाली पारंपरिक हाई-टी पार्टी का बहिष्कार किया है। 28 जनवरी को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार समेत चार लोगों की बारामती में प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। शिवसेना (यूबीटी) नेता भास्कर जाधवने कहा कि अजित पवार की मौत के मामले में महाराष्ट्र सरकार का रुख स्पष्ट नहीं है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने बजट सत्र से पहले सीनियर नेताओं को पारंपरिक हाई-टी के लिए लेट लिखकर




> ❑ **विपक्ष का फडणवीस की टी पार्टी में जाने से इनकार, कहा- सरकार का रुख साफ नहीं**


आमंत्रित किया था। जाधव ने कहा कि सत्ता पक्ष अहंकारी है और विपक्ष का सम्मान नहीं करता। संविधान के प्रति भी आदर नहीं है, इसलिए हमने निमंत्रण अस्वीकार किया। जाधव ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि इससे राज्य के कपास किसानों और मछुआरों पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र के फैसले पर कोई आपत्ति नहीं जताई।

## पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक, 16 मौतें

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था। पाकिस्तान ने कहा, 'हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए।' अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए। अब तक सिर्फ चार लोगों को निकाला जा सका है। हमले के समय परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें भागने का मौका ही नहीं मिला। अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन (IHRF) के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, आंकड़ों की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

**अफगानिस्तान बोला- सही समय पर कड़ा जवाब देंगे:** अफगानिस्तान के रक्षा



मंत्रालय ने सही समय पर पाकिस्तान को जवाब देने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने इन हमलों को अफगानिस्तान की गोपनीयता नीति का उल्लंघन बताया। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान ने कहा है कि उन्होंने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन अफगान स्रोतों के अनुसार नागरिकों को नुकसान हुआ। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि TTP अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है, जबकि तालिबान इन आरोपों से इनकार करता रहा है।

**पाकिस्तान की मांग- अंतरराष्ट्रीय समुदाय तालिबान पर दबाव डाले:** पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते

> ❑ **सभी एक परिवार के, पाक बोला- टीटीपी के 7 कैंपों को निशाना बनाया, आत्मघाती हमलों का बदला लिया**

के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था। तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई कि वह अफगानिस्तान की जमीन को अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी समूह या व्यक्ति को इस्तेमाल नहीं करने देगा। इसमें विशेष रूप से अल-कायदा और अन्य अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों से संबंध तोड़ने और उन्हें अफगानिस्तान में भर्ती, प्रशिक्षण, फंडिंग या हमले की अनुमति न देने का वादा शामिल था। समझौते के बाद अमेरिका ने 2021 में अपनी सेना वापस बुला ली, जिसके बाद तालिबान ने तेजी से काबुल पर कब्जा कर लिया।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में जैश के 2 आतंकी ढेर सुरक्षाबलों ने आतंकियों के ठिकाने को ब्लास्ट किया

एजेंसी, कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। PTI के मुताबिक अधिकारियों ने 2 आतंकियों के ढेर होने की पुष्टि की है। सुरक्षाबलों ने उस ठिकाने को ही ब्लास्ट कर दिया, जहां आतंकी छिपे हुए थे। एनकाउंटर अभी भी जारी है। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के 2 से 3 आतंकियों के यहां पर छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। वहीं, उधमपुर जिले में भी गुफा में छिपे जैश के 2

**4 फरवरी को भी 3 आतंकी मारे थे**



आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया गया था।

**ऑपरेशन 'किया' के तहत सेना की कार्रवाई:** व्हाइट नाइट कोर ने 4 फरवरी को सोशल मीडिया पोस्ट में बताया था कि CIF डेल्टा, जम्मू-कश्मीर पुलिस और CRPF का यह जॉइंट ऑपरेशन चलाया था था। इलाके की घेराबंदी की गई। इसे 'ऑपरेशन किया' नाम दिया गया। मुठभेड़ 3 फरवरी की शाम 4 बजे शुरू हुई थी। आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। करीब एक घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान एक आतंकी को गोली लगी, लेकिन वह अपने साथी के साथ गुफा के अंदर जाकर छिप गया। शाम करीब 7:30 बजे आतंकियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर गुफा से बाहर निकलने की कोशिश की। इस दौरान फिर से फायरिंग हुई और तेज धमाकों की आवाज सुनी गई। इसके बाद अतिरिक्त सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया और घेराबंदी और कड़ी कर दी गई। सुरक्षा बलों ने 4 फरवरी को आतंकियों पर UBGLs (अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) का इस्तेमाल किया। जिससे एक हिस्से को विस्फोट के जरिए ध्वस्त कर दिया गया। इस विस्फोट में दोनों आतंकी मारे गए।

## गुजरात के पोरबंदर तट पर ईरानी नाव पकड़ी, ईरान के 4 नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी, पोरबंदर (गुजरात)

भारतीय तटरक्षक बल (ICG) ने एक बड़े समुद्री अभियान के तहत गुजरात के पोरबंदर के पास एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोककर जांच की। इस नाव पर ईरानी चालक दल सवार था और इसमें तस्करी कर लाई जा रही विदेशी ब्रांड की बड़ी मात्रा में सिगरेट बरामद की गई। सिगरेट की बाजार कीमत 5 करोड़ के आसपास आंकी गई है। यह कार्रवाई कुछ दिन पहले हुए एक अन्य बड़े समुद्री अभियान के बाद हुई है। 17 फरवरी की रात भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (ATS) के साथ मिलकर खुफिया सूचना के आधार पर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया था। नाव को आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया गया है। तटरक्षक बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि 21 फरवरी को भारतीय तटरक्षक जहाज



> ❑ **बोट में छिपाकर रखी गई 5 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त**

ने द्वारका से लगभग 115 समुद्री मील पश्चिम में भारतीय EEZ के भीतर एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोका था। जांच के दौरान नाव की पहचान 'अल मुख्तार' के रूप में हुई, जिस पर चार ईरानी नागरिक चालक दल के रूप में मौजूद थे। तलाशी लेने पर नाव के होल्ड में छिपाकर रखे गए 200 कार्टन बरामद किए गए, जिनमें करीब एक लाख पैकेट विदेशी ब्रांड की सिगरेट छिपाई गई थीं।

## तस्करी करने 135 ग्राम सोना निगल रखा था

एजेंसी, अहमदाबाद

अहमदाबाद कस्टम्स विभाग ने शनिवार को अबू धाबी से आए एक पैसेंजर को पकड़ा। इसने 24 कैरेट का 135 ग्राम से अधिक सोना निगल रखा था। अस्पताल में मलत्याग के जरिए गोल्ड निकलवाया गया। जब्त किए गए सोने की अनुमानित बाजार कीमत करीब 21.89 लाख रुपए आंकी गई है। अहमदाबाद कस्टम्स विभाग द्वारा जारी बयान में बताया गया कि 19 फरवरी को अहमदाबाद हवाई अड्डे पर अबू धाबी से आने वाले शाहरुख नाम के पैसेंजर को रोका गया था। वह एयर अरेबिया की उड़ान संख्या 3एल 111 से भारत पहुंचा था। कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने उसके यात्रा पैटर्न और व्यवहार को संदिग्ध देखते हुए उसे विस्तृत जांच के लिए रोका। मल त्याग के दौरान निकला सोना पूछताछ के दौरान शाहरूख ने यह स्वीकार कर लिया था कि उसने




गोल्ड निगलकर अपने शरीर के भीतर छिपा रखा है। स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिम को देखते हुए उसे मजिस्ट्रेट के आदेश के तहत सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि यात्री ने मल त्याग के दौरान पीले रंग की तीन बेलनाकार कैप्सूल और एक गोल स्टील रंग की गेंद बाहर निकाली। सिविल अस्पताल ने 21 फरवरी की मेडिकल रिपोर्ट के माध्यम से इस बरामदगी की पुष्टि की और आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद यात्री को अस्पताल से छुट्टी दे दी।

# प. बंगाल-ममता मोर्चे पर भाजपा को चेहरे की तलाश

एजेंसी, कोलकाता

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को लेकर घमासान के बीच पश्चिम बंगाल की राजनीति में गरमाहट बढ़ रही है। बंगाल की सियासी हवा में अभी 'M' हावी है। M यानी- महिला, मुस्लिम, मस्जिद, मंदिर, मटन, मछली, मनी पॉवर, मसल पॉवर..., ममता और मोदी। बंगाल की राजनीति यहां के दो सबसे बड़े फुटबॉल क्लबों- मोहन बागान या ईस्ट बंगाल की तरह दो ध्रुवों में बंटी है। पहले बंगाल की राजनीति कांग्रेस बनाम लेफ्ट थी, फिर 34 साल लेफ्ट का राज रहा। अब 15 साल से तृणमूल सत्ता में है और पिछले पांच साल से उसका सीधा मुकाबला भाजपा से है।

**टीएमसी के लिए आज भी ममता का फेस:** वाममोर्चा के 34 साल का 'लाल किला' भेदकर सीएम बनीं ममता बनर्जी डेढ़ दशक की सत्ता के बाद भी आक्रामक शैली में मोर्चे पर



हैं। टीएमसी के लिए आज भी ममता का फेस, लक्ष्मी भंडार जैसी योजनाएं और मुस्लिमों का एकजुट वोट, जीत का फॉर्मूला है। वहीं, भाजपा पीएम मोदी के चेहरे, अनुशासित संगठन और 'डबल इंजन' के नारे के साथ मैदान में है। हालांकि, सड़क पर मुकाबले के लिए उसे अभी भी ऐसे 'मुद्दे, मौके और स्थानीय बड़े चेहरे' की तलाश है, जो उसकी विधानसभा सीटें 77 से 148 तक पहुंचा सके। स्थानीय स्तर पर

> ♦ **टीएमसी की कोशिश चुनाव फिर से दीदी बनाम मोदी हो**

ममता के कद के नेता की कमी बड़ी चुनौती है। इस बीच, वाममोर्चा व कांग्रेस राज्य में अपना अस्तित्व बचाने का संघर्ष कर रहे हैं।

**जो सड़क जीते सरकार उसी की:** एक बंगाली दैनिक के सीनियर पत्रकार कहते हैं कि यहां जो सड़क जीत लेता है वह चुनाव जीत लेता है और फिलहाल सड़क पर ममता ही दिख रही हैं। दूसरी ओर, कोलकाता में रेस्टोरेंट चलाने वाले यूपी मूल के एक युवक ने कहा- पिछले पांच साल में भाजपा का वोटर बेस बढ़ा है, पर पार्टी को यह भरोसा दिलाना होगा कि सरकार बदल रही है। अगर ऐसा होता है तो सपोर्ट वोट में बदल पाएगा।

# अमेरिका-ईरान जंगी तनाव- वैश्विक राजनीति और नागरिकों मतदाताओं की प्राथमिकताएँ- युद्ध, अर्थव्यवस्था और शक्ति- संतुलन का बहुआयामी समग्र विश्लेषण



लोकतंत्र की शान

» अमेरिका-ईरान दोनों क़ा रणनीतिक कारणों से पीछे हटना कमजोरी नहीं,बल्कि विवेकपूर्ण संतुलन के रूप में भी देखा जा सकता है

» अमेरिका-ईरान तनाव केवल दो देशों के बीच शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, क्षेत्रीय संतुलन ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू लोकतांत्रिक प्राथमिकताओं का जटिल संगम है -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र




**गोंदिया** – वैश्विक स्तरपर आज के वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में एक स्पष्ट प्रवृत्ति दिखाई देती है, दुनियाँ भर के नागरिक और मतदाता युद्ध की राजनीति से अधिक अपनी आर्थिक सुरक्षा, महंगाई,रोजगार,ऊर्जा कीमतों और रोजमर्रा के खर्चों को प्राथमिकता देने लगे हैं।लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में यह बदलाव और भी तीखा है, क्योंकि वहां चुनावी परिणाम सीधे जनभावनाओं से प्रभावित होते हैं।जब भी किसी महाशक्ति के सामने युद्ध या सैन्य टकराव का विकल्प आता है, तो उसके भीतर यह प्रश्न उठता है कि क्या यह कदम घरेलू राजनीतिक हितों,आर्थिक स्थिरता और जनसमर्थन के अनुरूप है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि, इसी संदर्भ में डोनाल्ड ट्रम्प का ईरान के प्रति सख्त रुख और मध्य पूर्व में सैन्य जमावड़ा एक महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय बन जाता है,विशेषकर तब जब अमेरिका में मध्यावधि चुनाव नजदीक हों और मतदाता महंगाई व जीवन- यापन की लागत से जूझ रहे हों।अमेरिकी राजनीति में लंबे समय से यह बहस चलती रही है कि विदेश नीति और घरेलू अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। यूनाइटेड स्टेट्स के मतदाताओं ने पिछले दो दशकों में अफगानिस्तान और इराक जैसे युद्धों के दीर्घकालिक प्रभावों को देखा है। इन युद्धों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर भारी वित्तीय बोझ डाला और हजारों सैनिकों की जान ली। इसी पृष्ठभूमि में फॉरएवर वॉर्स को समाप्त करने का नारा लोकप्रिय हुआ। ट्रंप की राजनीतिक पहचान भी आंशिक रूप से इसी वादे पर टिकी रही कि वे अमेरिका को अनावश्यक विदेशी युद्धों से दूर रखेंगे। ऐसे में यदि ईरान के साथ संभावित टकराव लंबा खिंचता है, तो यह उनके समर्थक आधार में असंतोष पैदा कर सकता है, खासकर तब जब महंगाई और ऊर्जा कीमतें पहले से ही चिंता का विषय हों।दूसरी ओर ईरान की रणनीति को केवल सैन्य शक्ति के चश्मे से नहीं देखा जा सकता। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था वैचारिक रूप से प्रतिरोध की अवधारणा पर आधारित है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ईरान ने स्वयं को पश्चिमी दबाव के विरुद्ध खड़े राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया है।इसीलिए सार्वजनिक रूप से अमेरिकी दबाव के आगे झुकना उसके नेतृत्व के लिए केवल कूटनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि वैचारिक पराजय के रूप में देखा जा सकता है। ईरानी नेतृत्व यह समझता है कि यदि वह कठोर रुख अपनाता है, तो घरेलू स्तरपर राष्ट्रवादी समर्थन मजबूत होगा और क्षेत्रीय सहयोगियों के बीच उसकी विश्वसनीयता बनी रहेगी। इस पूरी स्थिति को समझने के लिए मेरे द्वारा तैयार किए गए कुछ प्रश्नों के संभावित उत्तरों का अध्ययन कर इसका निष्कर्ष निकलना होगाअब मूल प्रश्नों क़ी हम हर पैराग्राफ में चर्चा करेंगे साथियों बात अगर हम यदि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध होता है तो क्या पूरा मध्य पूर्व जंग का मैदान बन जाएगा? इसको समझने की करें तो इस प्रश्न का उत्तर सरल हाँ या नहीं में नहीं दिया जा सकता,परंतु संभावना अत्यंत प्रबल है कि संघर्ष केवल द्विपक्षीय न रहे। ईरान के पास प्रत्यक्ष पारंपरिक सैन्य क्षमता के अलावा प्रॉक्सी नेटवर्क है, इराक, सीरिया, लेबनान और यमन में उससे जुड़े समूह सक्रिय हैं। यदि सीधा युद्ध छिड़ता है, तो ये समूह अमेरिकी ठिकानों और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकते हैंविशेष रूप से इजरायल,सऊदी अरब और खाड़ी देशों की सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। फारस की खाड़ी और होरमुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का महत्वपूर्ण मार्ग हैं;वहां किसी भी सैन्य टकराव से ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल हो सकती है, जिसकासटीकता से प्रभाव वैश्विक महंगाई पर पड़ेगा। साथियों बात अगर हम क्या अमेरिका-ईरान युद्ध तय माना जा रहा है? इसको समझने की करें तो, अंतरराष्ट्रीय राजनीति में तय जैसा शब्द शायद ही कभी सटीक होता है। दोनों देशों के बीच दशकों से तनाव है, परंतु पूर्ण युद्ध कई बार टला भी है। कूटनीति, बैक-चैनल वार्ता, क्षेत्रीय मध्यस्थता और वैश्विक शक्तियों का दबाव अक्सर सीधे युद्ध को रोकने में भूमिका निभाते हैं।अमेरिका यह जानता है कि ईरान के साथ खुला युद्ध केवल सैन्य नहीं, बल्कि आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से भी भारी पड़ेगा। वहीं ईरान भी जानता है कि अमेरिकी सैन्य क्षमता उससे कई गुना अधिक है। इसलिए दोनों पक्ष सीमित टकराव या नियंत्रित तनाव की रणनीति अपनाते हैं, जिससे शक्ति प्रदर्शन भी हो और पूर्ण युद्ध से बचाव भी। साथियों बात अगर हम क्या दुनियाँ तीन गुटों में बंट सकती है? इसको समझने की करें तो शीत युद्ध के समय जैसा स्पष्ट द्विध्रुवीय या त्रिध्रुवीय विभाजन आज नहीं है, लेकिन रणनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ रहा है। अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी- यूरोपीय देश,जापान,ऑस्ट्रेलिया आम तौर पर उसके साथ खड़े होते हैं, जबकि ईरान को रूस और चीन से कुछ हद तक राजनीतिक या आर्थिक समर्थन मिल सकता है। परंतु यह समर्थन पूर्ण सैन्य गठबंधन में बदल जाए, यह निश्चित नहीं। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था इतनी परस्पर जुड़ी हुई है कि अधिकांश देश व्यापक युद्ध से बचना चाहते हैं। इसलिए तीन गुटों में बंटना एक अतिशयोक्ति पूर्ण आशंका हो सकती है, पर ध्रुवीकरण और क्षेत्रीय संरेखण अवश्य तेज हो सकते हैं। साथियों बात अगर हम क्या ईरान वास्तव में अमेरिकाका मुकाबला कर सकता है? इसको समझने की करें तो पारंपरिक सैन्य शक्ति की तुलना में अमेरिका कहीं अधिक शक्तिशाली है वायुसेना, नौसेना, साइबर क्षमता और वैश्विक तैनाती के मामले में उसकी बढ़त स्पष्ट है। लेकिन युद्ध केवल टैंकों और विमानों से नहीं जीते जाते; असममित युद्ध में कमजोर पक्ष भी लंबे समय तक प्रतिरोध कर सकता है। ईरान की मिसाइल क्षमता, ड्रोन तकनीक,साइबर हमले की संभावनाएँ और प्रॉक्सीसमूहों का नेटवर्क उसे प्रतिरोध की शक्ति प्रदान करते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि वह अमेरिका को निर्णायक रूप से हरा सकता है,पर वह संघर्ष को महंगा,लंबा और राजनीतिक रूप से असुविधाजनक बना सकता है। साथियों बात अगर हम क्या अमेरिका का युद्ध से पीछे हटना उसकी वैश्विक छवि को ठेस पहुंचाएगा? इसको समझने की करें तो, यह प्रश्न जटिल है। एक दृष्टिकोण कहता है कि यदि अमेरिका कड़े बयान के बाद पीछे हटता है,तो उसकी डिटरेंस क्षमता कमजोर पड़ सकती है और विरोधी उसे अनिश्चित मान सकते हैं।दूसरा दृष्टिकोण यह है कि अनावश्यक युद्ध से बचना परिपक्व नेतृत्व का संकेत है। आज की दुनियाँ में आर्थिक शक्ति, तकनीकी नेतृत्व और कूटनीतिक प्रभाव भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितनी सैन्य क्षमता। यदि पीछे हटना रणनीतिक गणना का हिस्सा हो और उसे कमजोरी के बजाय विवेक के रूप में प्रस्तुत किया जाए, तो इससे छवि पर स्थायी आघात जरूरी नहीं। साथियों बात अगर हम ईरान अमेरिकी दबाव में झुकने की अपेक्षा युद्ध को प्राथमिकता क्यों देता प्रतीत होता है? इसको समझने की करें तो इसके पीछे कई परतें हैं।पहली, वैचारिक- क्रांतिकारी पहचान और प्रतिरोध की धुरी का नैरेटिव। दूसरी रणनीतिक- यदि वह झुकता है तो क्षेत्रीय सहयोगियों और घरेलू समर्थकों के बीच उसकी विश्वसनीयता कम हो सकती है।तीसरी, राजनीतिक- बाहरी खतरा अक्सर आंतरिक असंतोष को कम करने में मदद करता है।चौथी, मनोवैज्ञानिक- शक्ति संतुलन में यदि कमजोर पक्ष पूरी तरह झुक जाए, तो भविष्य में उसके साथ और कठोर शर्तें जोड़ी जा सकती हैं। इसलिए सीमित टकराव के माध्यम से वह यह संदेश देना चाहता है कि वह पूरी तरह असहाय नहीं है। साथियों बात अगर हम सभी प्रश्नों को एक खाक़े में रख सोचने की करें तो, यह समझना आवश्यक है कि आधुनिक विश्व में पूर्ण युद्ध की लागत केवल सैनिकों की जान तक सीमित नहीं रहती;वह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं ऊर्जा बाजारों, शेयर बाजारों और आम नागरिक की रसोई तक पहुंचती है। यदि फारस की खाड़ी में संघर्ष बढ़ता है, तो तेल कीमतों में उछाल आएगा, जिससे अमेरिका सहित पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ सकती है। ऐसे में मतदाता सरकारों से युद्ध नहीं, बल्कि स्थिरता और आर्थिक राहत की अपेक्षा रखते हैं। यही कारण है कि अमेरिका के भीतर भी कई रणनीतिकार चुनाव से पहले सैन्य विस्तार के जोखिमों को लेकर सतर्कता की सलाह देते हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि अमेरिका-ईरान तनाव केवल दो देशों के बीच शक्ति प्रदर्शन नहीं,बल्कि वैश्विक राजनीति, क्षेत्रीय संतुलन,ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू लोकतांत्रिक प्राथमिकताओं का जटिल संगम है। युद्ध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता,पर उसे अनिवार्य भी नहीं माना जा सकता।दोनों पक्ष अपनी- अपनी सीमाओं और क्षमताओं को जानते हैं। दुनियाँ तीन स्पष्ट गुटों में बंटे,यह निश्चित नहीं,पर ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। ईरान अमेरिका को परास्त करने की स्थिति में नहीं, पर संघर्ष को महंगा बना सकता है। और अमेरिका यदि रणनीतिक कारणों से पीछे हटता है,तो उसे कमजोरी नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण संतुलन के रूप में भी देखा जा सकता है। अंततः लोकतंत्रों में मतदाता की प्राथमिकता- रोजगार, महंगाई, सुरक्षा और स्थिरता ही नीति की दिशा तय करती है, और यही तत्व भविष्य की किसी भी संभावित टकराव की वास्तविक सीमा निर्धारित करेंगे।

**-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
9284141425

## ईरान को दुनिया के लिए ख़तरा बताया जा रहा है, इज़राइल उसपर हमले के लिए अमेरिका को उकसा रहा है



लोकतंत्र की शान

**अगर आप "रिसर्च" करेंगे तो तो पता चला कि कौन दुनिया के लिए कितना बड़ा खतरा है। ज़रा ये आंकड़े देखें, और बताएं क्या यह ईरान को ख़तरनाक बताते हैं या अमेरिका को:**

**परमाणु बमों का ढेर:** "उस" के पास 5,200 से ज़्यादा परमाणु बम हैं। इतने कि पूरी दुनिया को कई बार राख कर सकें। (यूनियन ऑफ कंसर्नड साइंटिस्ट्स)

**परमाणु हमला करने वाला इकलौता देश:** ये मत भूलना कि "उस" ने ही हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए थे, जिसमें पल भर में लाखों लोग भाप बन गए थे। (ICAN)

**अरबों का खर्चा:** "उस"का मिलिट्री बजट 1 लाख करोड़ डॉलर ($1 Trillion) के करीब है। दुनिया के 140 देशों का बजट मिलाकर भी इनके बराबर नहीं बैठता। (SIPRI)

**पूरी दुनिया में कब्ज़ा:** "उस"ने दुनिया के 80 देशों में 800 सैन्य अड्डे (Military Bases) बना रखे हैं। पूरी दुनिया को इन्होंने अपनी चौखट बना लिया है। (केटो इंस्टीट्यूट)

**सरकारें गिराने के उस्ताद:** 1945 से अब तक "उस" ने दूसरे देशों की सरकारें गिराने की 70 से ज़्यादा बार कोशिश की है—ईरान (1953) से लेकर चिली और वियतनाम तक। (विकिपीडिया)

**वियतनाम और कंबोडिया का विनाश:** "उस" ने वियतनाम पर हमला किया और कंबोडिया और लाओस पर इतने बम गिराए जितने दूसरे विश्व युद्ध में भी नहीं गिरे थे। करीब 35 लाख लोग मारे गए। ब्रिटैनिका

**इराक और अफगानिस्तान का 'उद्धार':** इराक में "झूठे हथियारों" के नाम पर घुस गए और अफगानिस्तान में 20 साल तक कत्लेआम मचाया।

**नतीजा?** लाखों मासूमों की मौत। (कॉस्ट ऑफ वॉर - ब्राउन यूनिवर्सिटी)

**प्रदूषण के बादशाह:** "उस" की सेना दुनिया की सबसे बड़ी तेल खपत करने वाली संस्था है। ये अकेले 140 देशों से ज़्यादा कार्बन फैलाते हैं। (ब्राउन यूनिवर्सिटी)

**आर्थिक युद्ध (Sanctions):** ये पाबंदियां लगाकर गरीब देशों में दवाइयां और खाना रोक देते हैं, जिससे अब तक करोड़ों लोगों की जान जा चुकी है।

**इंसानियत को बचाने के लिए इस खूंखार देश को रोकना ही होगा...**

...ये सारे कारनामे ईरान के नहीं, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के हैं!

ईरान ने तो पिछले 200 सालों में किसी देश पर हमला तक नहीं किया।

बिल्कुल सही पढ़ा, ईरान ने तो पिछले 200 सालों में किसी देश पर हमला तक नहीं किया।

और अमेरिका ने? (रिसर्च कर लें)

**क्या कहते हैं ये आंकड़े (2024):**

**अमेरिका का रक्षा बजट:** ₹$997 अरब डॉलर

**ईरान का रक्षा बजट:** ₹$7.9 अरब डॉलर

**अमेरिका के परमाणु बम:** ₹5,277

**इज़राइल के परमाणु बम:** 80-90

**ईरान के परमाणु बम:** 0

खैर, छोड़िए इसे... चलिए क्रिकेट का स्कोर देखते हैं!

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ पर दिए गए फैसले ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को अंदर तक झकझोर दिया, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से इसकी कड़ी आलोचना की



लोकतंत्र की शान, सुनील नेगी




अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत और दुनिया के कई अन्य देशों पर लगाए गए 15% के तानाशाही टैरिफ के फैसले को खारिज करके उनकी स्थिति को वैश्विक स्तर पर हास्यास्पद बना दिया है। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले ने वास्तव में दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति के राष्ट्रपति को अपमानित और अवैध घोषित कर दिया है, जिससे भारत और रूस और चीन जैसे उनके कट्टर विरोधियों के अलावा यूरोपीय देश भी बेहद खुश हैं। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले ने एक तरह से डोनाल्ड ट्रम्प के उस हठधर्मी रवैये और घमंड को चकनाचूर कर दिया है, जो हमेशा खुद को अजेय मानते हुए कमजोर और विकासशील देशों को अपने इशारों पर नचाना चाहते थे। एक ठेकेदार, बिल्डर, अति धनाढ्य, राजनेता बने और दो बार अमेरिका के राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रम्प हमेशा से ही अत्यधिक गर्व और अजेयता का भाव रखते थे, और भारत को अपनी दादागिरी के अधीन मानते थे। वास्तव में, वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था ने उनके सामने घुटने टेक दिए हैं, यहाँ तक कि कथित तौर पर भारतीय कृषि और अन्य हितों से समझौता करते हुए, उन्हें भारत में बिना किसी शुल्क के अपने उत्पाद बेचने की अनुमति दी है, जबकि भारत अमेरिका को होने वाले अपने सभी निर्यातों पर 15% शुल्क लगाता है। भारत पर उनका दबाव इतना अधिक है कि भारत (पता नहीं क्यों) रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदना छोड़कर वेनेजुएला और अमेरिका से खरीदने के लिए सहमत हो गया, जैसा कि तानाशाह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चाहते थे। ये वही अमेरिकी राष्ट्रपति हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना पारंपरिक मित्र बताकर उनकी प्रशंसा की थी, लेकिन बाद में भारत के शत्रु बन गए। उन्होंने पहले अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगाया, फिर उसे घटाकर 35%, फिर 18% और अंत में 15% कर दिया। इसके अलावा, उन्होंने भारत के इकलौते और पारंपरिक शत्रु पाकिस्तान को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया, जिसमें अमेरिकी सेना के वार्षिक दिवस पर फील्ड मार्शल मुनीर खान को मुख्य अतिथि के रूप में विशेष निमंत्रण देना और व्हाइट हाउस में विशेष भोज आयोजित करना आदि शामिल है। उन्होंने कई बार पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को गले भी लगाया और उन्हें अपनी प्रशंसा करते हुए देखकर बेहद प्रसन्न हुए। यह सब तब हुआ जब पाकिस्तान ने बमों से लदे तुर्की ड्रोन से भारतीय सीमाओं पर हमला किया और उसके राफेल विमानों को नष्ट कर दिया, जिसे भारतीय मुख्य Defence Staff ने सिंगापुर में एक कार्यक्रम में पहले ही स्वीकार कर लिया था। भारत को पाकिस्तान और भारत के बीच युद्धविराम शुरू करने के लिए अमेरिका को स्वीकार न करने की भारी कीमत चुकानी पड़ रही है, जैसा कि स्वयं की प्रशंसा करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कई बार और कई मौकों पर कहा था। उन्होंने तो यहां तक घोषणा कर दी थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच शांति और युद्धविराम स्थापित करने के लिए वे भविष्य में नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार होंगे, जिसमें नॉर्वे के प्रधानमंत्री पर दबाव डालना भी शामिल था। हालांकि, नॉर्वे की प्रतिष्ठित नोबेल शांति पुरस्कार समिति ने उनकी इस इच्छा को स्पष्ट रूप से नहीं माना, जिसका अर्थ है कि नॉर्वे जैसे छोटे देश ने भी उनके दबाव के आगे घुटने नहीं टेके। इस बीच, टैरिफ लगाने के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के अप्रत्याशित फैसले के बाद, मुखर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, जो स्तब्ध प्रतीत हुए, ने ट्रुथ सोशल पर फैसले की आलोचना करते हुए एक बयान जारी किया। उन्होंने लिखा: "कई महीनों के विचार-विमर्श के बाद, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा कल जारी किए गए हास्यास्पद, खराब ढंग से लिखे गए और असाधारण रूप से अमेरिका-विरोधी टैरिफ संबंधी फैसले की गहन, विस्तृत और संपूर्ण समीक्षा के आधार पर, कृपया इस बयान को इस बात का प्रतिनिधित्व करने दें कि मैं, संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में, उन देशों पर लगाए गए 10% वैश्विक टैरिफ को तत्काल प्रभाव से पूरी तरह से अनुमत और कानूनी रूप से मान्य 15% तक बढ़ा रहा हूँ, जिनमें से कई दशकों से बिना किसी दंड के अमेरिका को लूट रहे थे (जब तक मैं नहीं आया!)। अगले कुछ महीनों के दौरान, ट्रम्प प्रशासन नए और कानूनी रूप से अनुमत टैरिफ निर्धारित और जारी करेगा, जो अमेरिका को फिर से महान बनाने की हमारी असाधारण रूप से सफल प्रक्रिया को जारी रखेगा - पहले से कहीं अधिक महान!!! इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।" राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जिन सदस्यों ने हमारी स्वीकार्य और उचित टैरिफ प्रणाली के खिलाफ मतदान किया, उन्हें शर्म आनी चाहिए। उनका फैसला हास्यास्पद था, लेकिन अब समायोजन प्रक्रिया शुरू होती है, और हम पहले से भी अधिक धन जुटाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे! डोनाल्ड ट्रम्प ने X पर लिखा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने 24 फरवरी से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अस्थायी आयात शुल्क लगाया है। बाद में उन्होंने इस शुल्क को बढ़ाकर 10% कर दिया। हालांकि, ट्रंप ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को हास्यास्पद, बेतुका और घोर अमेरिकी विरोधी बताया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि कई महीनों के विचार-विमर्श के बाद अमेरिका की बेहतरी और प्रगति के लिए लगाए गए ये शुल्क अमेरिका विरोधी कैसे हो सकते हैं? उन्होंने इस फैसले पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# एक पृथ्वी, एक मानवता: शांति और समझ का वैश्विक संकल्प



लेखक - सुनील कुमार महला

हर वर्ष 23 फरवरी को विश्व शांति और समझ दिवस रोटरी इंटरनेशनल की स्थापना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष रोटरी इंटरनेशनल अपना 121वाँ स्थापना दिवस मना रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि यह दिवस इस विचार को रेखांकित करता है कि शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह तो हमारी आपसी समझ, साझा प्रयासों और समावेशी विकास का परिणाम है। कहना गलत नहीं होगा कि आज के दौर में बढ़ते संघर्ष, युद्ध और तनाव के बीच विश्व शांति मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। वास्तव में, शांति से ही विकास, शिक्षा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। आपसी समझ और सहिष्णुता किन्हीं भी समाजों को मजबूत व सुदृढ़ बनाती है। यह एक कटु सत्य है कि बिना शांति के न तो सुरक्षा संभव है और न ही किसी देश और समाज की स्थायी प्रगति। इसलिए विश्व शांति केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व के लिए अनिवार्य शर्त है। बहुत कम लोग जानते हैं कि 'रोटरी' नाम के पीछे भी एक रोचक कारण है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार शुरुआत में इसे 'शांति दिवस' नहीं कहा जाता था। इसका नाम 'रोटरी' इसलिए पड़ा क्योंकि इसके सदस्य अपनी बैठकें हर बार अलग-अलग सदस्यों के कार्यालयों में घुमाकर (रोटेशन के आधार पर) किया करते थे और यही रोटेशन आगे चलकर दुनिया भर में सेवा और शांति का प्रतीक बन गया। एक दिलचस्प तथ्य यह भी है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया संघर्षों में उलझी हुई थी, तब रोटरी के सदस्यों ने लंदन में एक सम्मेलन आयोजित किया था। इसी सम्मेलन की बौद्धिक नींव पर आगे चलकर यूनेस्को की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ। बहुत कम लोग जानते हैं कि दुनिया की सबसे बड़ी शांति संस्थाओं में से एक की अवधारणा एक क्लब बैठक से प्रेरित थी। इस दिवस का मूल संदेश यह है कि शांति केवल युद्ध का न होना नहीं है। रोटरी की अवधारणा में शांति का अर्थ लोगों की स्वच्छ पानी तक पहुँच, साक्षरता दर में वृद्धि तथा स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं के विकास से भी जुड़ा है। दूसरे शब्दों में कहें तो सेवा ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है। जब हम भूख, बीमारी (जैसे पोलियो) और अज्ञानता के खिलाफ संघर्ष करते हैं, तो वास्तव में हम शांति की नींव रख रहे होते हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 23 फरवरी 1905 को पॉल पी. हैरिस ने शिकागो (अमेरिका) में इसकी(रोटरी इंटरनेशनल) शुरुआत की थी।पेशे से वे एक वकील थे और उन्होंने अपने तीन मित्रों के साथ मिलकर पहले रोटरी क्लब की बैठक आयोजित की। उनका उद्देश्य एक ऐसा मंच तैयार करना था, जहाँ विभिन्न पृष्ठभूमि के पेशेवर लोग मिलकर विचार साझा कर सकें और समाज के लिए सार्थक कार्य कर सकें। समय के साथ यह एक वैश्विक आंदोलन बन गया और स्थापना दिवस को ही 'विश्व शांति और समझ दिवस' के रूप में मान्यता मिली। उपलब्ध जानकारी के अनुसार आज रोटरी के 200 से अधिक देशों में लगभग 46,000 से अधिक क्लब सक्रिय हैं। यहाँ पाठकों को बताना आवश्यक है कि रोटरी इंटरनेशनल एक वैश्विक सेवा संगठन है, जिसका मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा करना, समाज में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना तथा विश्व में शांति और सद्भाव स्थापित करना है। इसके सदस्य विभिन्न व्यवसायों और पेशों से जुड़े लोग होते हैं, जो स्वेच्छा से समाज सेवा में योगदान देते हैं। यह संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल संरक्षण, रोग उन्मूलन (विशेषकर पोलियो उन्मूलन अभियान) और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परियोजनाएँ संचालित करता है। आज इसके विश्वभर में हजारों क्लब और लाखों सदस्य हैं, जो सर्विस अबूव सेल्फ (स्वार्थ से ऊपर सेवा) के आदर्श वाक्य के साथ मानव कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। वास्तव में, इस दिवस को मनाने का उद्देश्य, जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं, पूरे विश्व में शांति, सेवा और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। आज के दौर में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, भौतिकवादी सोच, राजनीतिक और सामाजिक तनाव तथा डिजिटल माध्यमों पर फैलती नकारात्मकता ने लोगों के बीच दूरी बढ़ा दी है। कई बार देश संसाधनों और प्रभुत्व की होड़ में संघर्ष की राह चुन लेते हैं। सहयोग, सेवा-भावना और आपसी सद्भाव धीरे-धीरे कमजोर पड़ते दिखाई देते हैं। एक समय था जब समाज में भाईचारा, सहयोग और मानवता की भावना अधिक प्रबल थी, जबकि आज व्यक्तिगत स्वार्थ और असहिष्णुता कई बार इन मूल्यों पर भारी पड़ती नजर आती है। हालांकि, यह पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। आज भी दुनिया में अनेक लोग और संस्थाएँ शांति, सेवा और मानवता के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही हैं।

आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने व्यक्तिगत स्तर से छोटे-छोटे प्रयास शुरू करें। दूसरों के प्रति सम्मान, सहानुभूति, सहयोग और संवाद को बढ़ावा दें। यही छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। इस दिवस का मुख्य फोकस शांति और सद्भावना को प्रोत्साहित करना, संस्कृतियों और समुदायों के बीच समझ बढ़ाना, संघर्ष की रोकथाम तथा वैश्विक सहयोग और मानवीय एकता को मजबूत करना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस पूरे विश्व में शांति, सद्भाव और पारस्परिक समझ को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। अंततः यह दिवस हमें सिखाता है कि हमारे छोटे-छोटे सकारात्मक कार्य भी दुनिया में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। जब हम एक-दूसरे की सोच और भावनाओं को समझने लगते हैं, तो विवाद स्वतः कम होने लगते हैं। सार यह है कि यदि हम सभी एक-दूसरे की संस्कृतियों, विचारों और जीवन मूल्यों को समझें, तो वैश्विक भाईचारा और शांति मजबूत हो सकती है, और यह संपूर्ण विश्व एक बेहतर स्थान बन सकता है।

## टीम इंडिया बनी चैंपियन, फाइनल में बांग्लादेश को 46 रनों से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राधा यादव की कप्तानी वाली भारतीय ए टीम ने फाइनल में बांग्लादेश को 46 रनों से हराकर महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है. इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 135 रनों का लक्ष्य रखा था. जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.1 ओवर में सिर्फ 88 रन ही ढेर हो गई. इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 134 रन का स्कोर बनाया. भारत के लिए तेजल हसब्निस की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. तेजल ने सिर्फ 33 गेंदों में नाबाद 51 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 2 चौके और 2 छक्के जड़े. उन्होंने कप्तान राधा यादव के साथ मिलकर 5वें विकेट के लिए 49 गेंदों पर 69 रनों की साझेदारी की. राधा ने 30 गेंदों पर 36 रन बनाए.

भारत ने पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई है, जबकि बांग्लादेश ने दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 54 रन से शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया है. इस टूर्नामेंट में बांग्लादेश की टीम अब तक अजेय रही है और ग्रुप स्टेज के अपने तीनों मुकाबले में जीत हासिल की है. वहीं भारत को ग्रुप चरण के पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद टीम ने जबरदस्त वापसी की और लगातार तीन जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी।

**भारत महिला एः** नंदिनी कश्यप, वृंदा दिनेश, तेजल हसब्निस, अनुष्का शर्मा, राधा यादव (कप्तान), ममता मादीवाला (विकेटकीपर), मिन्नू मणि, तनुजा कंवर, सोनिया मेंढिया, प्रेमा रावत, साइमा ठाकोर.

**बांग्लादेश महिला एः** इश्मा तंजीम, शमीमा सुल्ताना (विकेटकीपर), सरमीन सुल्ताना, फाहिमा खातून (कप्तान), लता मंडल, फरजाना एस्मिन, शोरिफा खातून, सादिया अख्तर, फातिमा जहां सोनिया, संजीदा अख्तर मेघला, फरिहा त्रिस्ना.




## संडे ऑन साइकिल' में शामिल हुए दिग्गज एथलीट, देशवासियों को फिट रहने का दिया संदेश

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ईएसआईसी ने भी अपनी स्थापना के 75 साल पूरे होने पर 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व हॉकी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह, साइकिलिस्ट तन्वी, कोरियोग्राफर अतुल जिंदल, और साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक उपस्थित रहीं।

आईएएनएस से बात करते हुए पूर्व हॉकी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह ने कहा, 'हमारे प्रधानमंत्री की तरफ से फिट इंडिया मूवमेंट के रूप में एक अच्छी मुहिम शुरू की गई है। इसके माध्यम से देशवासियों को फिट रहने का संदेश दिया जा रहा है।'

उन्होंने कहा कि हमें कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी भी मिली है। इसका भी हम जश्न मना रहे हैं। 20 साल




बाद देश में फिर से कॉमनवेल्थ खेलों का आयोजन होने जा रहा है। मैं उम्मीद करता हूं कि पिछली बार से हमारा प्रदर्शन अच्छा होगा। खिलाड़ियों के लिए यह बहुत बड़ा अवसर है कि वे अपने देश में कॉमनवेल्थ गेम्स खेलेंगे। इससे अच्छी कुछ भी प्रेरणा नहीं हो सकती। रूपिंदर पाल सिंह ने कहा, 'मैं चाहूंगा कि देशवासी न सिर्फ साइकिलिंग बल्कि जब भी उन्हें समय मिलता है, कोई भी शारीरिक व्यायाम करें और खुद को फिट रखें।' साइकिलिस्ट तन्वी ने कहा, 'मुझे यहां सभी पर गर्व है। बहुत भीड़ थी। सूरज निकला भी नहीं था, लेकिन लोग साइकिल चलाने के लिए यहां पहले से ही जमा हो गए थे।'

## टी20 विश्वकप में तीन शून्य एक सकारात्मक संकेत, अभिषेक पर शास्त्री का चौंकाने वाला बयान

**नई दिल्ली-** टी20 विश्व कप 2026 में युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन अब तक निराशाजनक रहा है। तीन मैचों में वह खाता भी नहीं खोल सके और लगातार तीन बार शून्य पर आउट हुए। ऐसे में आलोचनाएं तेज हो गईं, लेकिन पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इसे अलग नजरिए से देखने की सलाह दी है। भारत के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले सुपर-8 मुकाबले से पहले शास्त्री ने चौंकाने वाला बयान दिया।

### शास्त्री का बड़ा बयान

शास्त्री ने कहा, 'मैं इसे सकारात्मक रूप में देखता हूं कि अभिषेक शर्मा तीन बार शून्य पर आउट हुए हैं। हो सकता है वह टूर्नामेंट के अहम दौर के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बचाकर रख रहे हों। दूसरी टीमें इस बात से थोड़ा चिंतित होंगी कि अभी तक उनके बल्ले से रन नहीं निकले हैं।

# अब पाकिस्तान कैसे बना पाएगा सेमीफाइनल में जगह!

### पाक-न्यूजीलैंड का पहला मुकाबला बिना एक भी गेंद फेंके बारिश की वजह से रद्द हुआ

**कोलंबो।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 चरण का पहला मुकाबला बिना एक भी गेंद फेंके बारिश की वजह से रद्द हो गया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले इस मैच में पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली अगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था, लेकिन इसके बाद मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। आईसीसी के नियमों के तहत सुपर 8 मैचों के लिए कोई रिजर्व डे नहीं है, इसलिए मैच को रद्द कर दिया गया और दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया। जानिए इसके बाद पाकिस्तान को सेमीफाइनल का रास्ता बनाने के लिए किन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।





### पाकिस्तान के दो मुकाबले बाकी

पाकिस्तान का अगला मुकाबला 24 फरवरी को पल्लेकल में इंग्लैंड के खिलाफ है। इंग्लैंड टी20 वर्ल्ड कप की दो बार की चैंपियन टीम है, मगर इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। ग्रुप स्टेज में उन्हें वेस्टइंडीज से 30 रन से हार का सामना करना पड़ा था, तो नेपाल ने जीत के लिए पसीने छुड़ा दिए थे। यह पाकिस्तान के लिए एक मौका है, लेकिन पल्लेकल की पिच पर इंग्लैंड के क्लच प्लेयर्स और आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ सतर्क रहना जरूरी होगी। पाकिस्तान के लिए यह मैच केवल जीतना नहीं, बल्कि बड़े अंतर से जीतना भी जरूरी होगा, क्योंकि अब नेट रन रेट की भूमिका अहम हो जाएगी।

28 फरवरी को उसी पल्लेकल स्टेडियम में पाकिस्तान की टक्कर मेजबान श्रीलंका से होगी। यह ग्रुप 2 का आखिरी मुकाबला होगा। श्रीलंका इस टूर्नामेंट में अपनी घरेलू परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठा रही है। ग्रुप चरण में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सुपर 8 में जगह बनाई। पल्लेकल की पिच स्पिन फ्रैंडली मानी जाती है, जो दोनों टीमों के लिए बराबरी से चुनौतीपूर्ण होगी। यह मैच तब खेला जाएगा जब ग्रुप 2 के बाकी सभी मुकाबले हो चुके होंगे, यानी उस वक्त तस्वीर पूरी तरह साफ हो चुकी होगी कि पाकिस्तान को मुकाबला कितने बड़े अंतर से जीतना होगा। पाकिस्तान की सेमीफाइनल राह सिर्फ उनके अपने मैचों पर नहीं, बल्कि ग्रुप 2 के उन तीन मुकाबलों पर भी उतनी ही टिकी है जिनमें वे नहीं खेलेगी। 22 फरवरी को पल्लेकल में इंग्लैंड और श्रीलंका आमने-सामने होंगे। यह ग्रुप 2 का दूसरा मैच है और पाकिस्तान के नजरिए से महत्वपूर्ण है। इंग्लैंड और श्रीलंका दोनों के अभी 0 अंक हैं।

## बेटे अगस्त्य और पूर्व पत्नी स्टैनकोविक के लिए हार्दिक का चार करोड़ का तोहफा!





**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और उनकी पूर्व पत्नी नताशा स्टैनकोविक भले ही अलग हो चुके हों, लेकिन अपने बेटे अगस्त्य की परवरिश को लेकर दोनों की समझदारी लगातार चर्चा में है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक नई लग्जरी एसयूवी को लेकर फैंस हैरान रह गए। काले रंग की इस शानदार कार की कीमत करीब तीन से चार करोड़ रुपये बताई जा रही है। नताशा को बेटे अगस्त्य के साथ इस कार के पास पोज देते देखा गया, जिसके बाद यह खबर तेजी से वायरल हो गई। बताया जा रहा है कि यह कार हार्दिक ने बेटे अगस्त्य के लिए खरीदी है। अगस्त्य के साथ स्टैनकोविक भी कार शो रूम साथ पहुंचीं। अगस्त्य स्टैनकोविक के साथ ही रह रहे हैं। इस मौके की तस्वीरें वाहन निर्माता कंपनी ने खुद साझा कीं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'हार्दिक पांड्या ने एक बार फिर हमारी कंपनी को अपनी लग्जरी गाड़ी खरीदने के लिए चुना। विश्वास पर बना रिश्ता। उत्कृष्टता पर आधारित निर्णय। मुंबई में अगस्त्य पांड्या और स्टैनकोविक को डिलीवर की गई लैंड रोवर डिफेंडर।' इस कैप्शन के बाद यह चर्चा और तेज हो गई कि क्या यह कार हार्दिक की ओर से एक खास तोहफा है।

**व्यापार**

## 9 कंपनियों के आईपीओ इस हफ्ते हो रहे हैं ओपन, दांव लगाने के लिए रहिए तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** इस हफ्ते आईपीओ की बहार लौट आई है। कई कंपनियों के आईपीओ खुल रहे हैं। इसमें मेनबोर्ड सेगमेंट के 4 आईपीओ और एसएमई सेगमेंट के 5 आईपीओ खुलेंगे।

कंपनी का आईपीओ 23 फरवरी से 26 फरवरी तक खुला रहेगा। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 95 रुपये से 104 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी 114 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14976 रुपये का दांव लगाना होगा। बता दें, कंपनी के आईपीओ का साइज 110.24 करोड़ रुपये का है। आईपीओ ग्रे मार्केट में 5 रुपये के प्रीमियम पर आज ट्रेड कर रहा है। यह आईपीओ भी 23 फरवरी को खुल रहा है। निवेशक 26 फरवरी तक आईपीओ पर दांव लगा पाएंगे। कंपनी के आईपीओ का साइज 3100 करोड़ रुपये का है। आईपीओ के जरिए कंपनी 1.14 करोड़ फ्रेश शेयर और 1.80 करोड़ शेयर ऑफर फार सेल के जरिए जारी करेगी। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 1000 रुपये से 1053 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। बता दें, कंपनी ने 14 शेयरों का एक लॉट बनाया है। कंपनी का आईपीओ ग्रे मार्केट में 4 रुपये प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वैलरी आईपीओ इस मेनबोर्ड आईपीओ का साइज 380 करोड़ रुपये है। कंपनी आईपीओ के जरिए 98 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। आईपीओ 24 फरवरी से 26 फरवरी तक खुला रहेगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 367 रुपये से 386 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी ने 32 शेयरों का एक लॉट बनाया है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को स्थगित करें, कांग्रेस की मांग

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की ओर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए पारस्परिक टैरिफ को अमान्य घोषित किए जाने के बाद कांग्रेस ने शनिवार को सरकार से अंतरिम व्यापार समझौते को रोककर समझौते की शर्तों पर फिर से विचार करने की मांग की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि पुनर्विचार दौरान भारतीय किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की जाए और सरकार अमेरिकी पक्ष को किसी भी प्रकार की आयात उदारीकरण की अनुमति नहीं दे। रमेश ने पूरे समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया और कहा कि उन्हें साफ करना चाहिए कि क्या वह ट्रंप के इस बयान से सहमत हैं कि भारत के साथ व्यापार समझौते में कुछ भी नहीं बदला है।



कांग्रेस नेता ने पूछा, क्या मोदी ट्रंप से इस बात पर सहमत हैं कि भारत के साथ व्यापार समझौता अभी भी लागू है? उन्होंने यह भी बताया कि सरकार की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने दावा किया कि भारत-अमेरिका अंतरिम समझौता भारतीय किसानों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करेगा और उनकी आजीविका को खतरे में डाल देगा। उन्होंने कहा कि सरकार को स्पष्टीकरण मिलने तक इस समझौते को रोक देना चाहिए और समझौते पर नए सिरे से बातचीत करने का आह्वान किया। कांग्रेस नेता ने कहा अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का फैसला बहुत महत्वपूर्ण है और हमारी सरकार को इस व्यापार समझौते को फिलहाल स्थगित रखना चाहिए। रमेश ने कहा, हम मांग करते हैं कि प्रधानमंत्री साफ तौर पर बताएं कि अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत की नीति की समीक्षा की जाएगी और स्पष्टीकरण आने तक हम आयात उदारीकरण का रुख नहीं अपनाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि यह देश के लाखों किसानों की आजीविका की रक्षा और सुरक्षा के लिए है। उन्होंने अमेरिका के कृषि उत्पादों को दी गई विशेष रियायतों का भी जिक्र किया और कहा कि ये हमारे किसानों की आजीविका के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते में उल्लेख है कि कपास, सोयाबीन और फलों सहित कृषि उत्पादों पर शुल्क कम किए जाएंगे या पूरी तरह से समाप्त कर दिए जाएंगे।

## एक शेयर पर तीन शेयर बोनस दे रही है इन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड

**मुंबई, एजेंसी।** बोनस शेयर पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। इस हफ्ते इन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर एक्स-बोनस ट्रेड करने जा रहे हैं। इस मल्टीबैगर स्टॉक की कीमतों में पिछले एक साल में 100 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है।

स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि 1 शेयर पर 3 शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 27 फरवरी की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। बता दें, कंपनी पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर दे रही है।




इन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने लगातार निवेशकों को डिविडेंड दिया है। कंपनी ने आखिरी बार निवेशकों को 2025 में डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 1 रुपये का डिविडेंड दिया था। 2023 में कंपनी ने एक शेयर पर एक रुपये का डिविडेंड दिया था। 2024 में कंपनी ने एक शेयर पर एक रुपये का डिविडेंड दिया था। शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय परइन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयरों का भाव 2.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 889.40 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले तीन महीने में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 57 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। वहीं, एक साल में यह स्टॉक 160 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 9.35 प्रतिशत की उछाल देखने को मिला है। कंपनी का 52 वीक हाई 1030 रुपये और 52 वीक लो लेवल 269.95 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 2155 करोड़ रुपये का है।

दो साल में इन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयरों का भाव 111 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, तीन साल में यह स्टॉक 65 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। सितंबर तिमाही में कंपनी प्रमोटर की हिस्सेदारी 74.40 प्रतिशत है। वहीं, पब्लिक के पास 25.60 प्रतिशत हिस्सा है। जून तिमाही में प्रमोटर की हिस्सेदारी 74.44 प्रतिशत और पब्लिक के पास 25.56 प्रतिशत है।

## फोनपे ने माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री के साथ एआई-संचालित नेचुरल लैंग्वेज सर्च किया लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी।** फोनपे ने शनिवार को माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री आधारित एक नया एआई-संचालित नेचुरल लैंग्वेज सर्च फीचर लॉन्च किया है। इससे यूजर्स साधारण आवाज या टेक्स्ट कमांड के जरिये एप में आसानी से नेविगेट (संचालन) कर सकते हैं, भुगतान कर सकते हैं और अपने ट्रांजैक्शन ट्रैक कर सकते हैं।

कंपनी के अनुसार, यह फीचर डिजिटल पेमेंट को अधिक सरल, तेज़ और सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस फीचर के जरिए पारंपरिक मेन्यू-आधारित संचालन की जगह अब इंटेंट-आधारित रूटिंग मिलेगी। इससे यूजर बातचीत की तरह अपने काम पूरे कर सकेंगे। जैसे हेमंत को 20 रुपये भेजो कहने पर सीधे भुगतान



स्क्रीन खुलेगी और सही रिसीवर पहले से चयनित होगा। सोने का भाव टाइप करने पर यूजर सीधे संबंधित सेवा या जानकारी पेज पर पहुंच जाएगा। यह टूल केवल सर्च तक सीमित नहीं है, बल्कि यूजर के इरादे को समझकर भुगतान, खरीदारी या सहायता से जुड़े कामों को पूरा करता है। यह ऑन-डिवाइस और क्लाउड-आधारित हाइब्रिड मॉडल पर काम करता है, जिससे यूजर का कोई भी निजी या ट्रांजैक्शन डाटा फोनपे के सुरक्षित वातावरण से बाहर नहीं जाता। फोनपे के संस्थापक और सीटीओ राहुल चारी ने कहा कि यह लॉन्च पेमेंट एप्स को केवल लेन-देन तक सीमित रखने की सोच से आगे बढ़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि एआई की मदद से कंपनी ऐसा इंटरफेस बना रही है, जो यूजर की जरूरतों को पहले ही समझ ले। वहीं माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और साउथ एशिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने कहा कि भारत में नेचुरल लैंग्वेज इंटरफेस तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)